
दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



सिर्फ 3 दिन में 200 करोड़ कमाने वाली पहली हिंदी फिल्म बनी जवान

कैटरीना बच रहीं पब्लिक ....

वर्ष : 09 | अंक : 278 | लखनऊ, 12 सितम्बर, मंगलवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 27.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 64,948.66

19,310.15

# उत्तर प्रदेश में आफत की बारिश

## अब तक 19 लोगों की मौत, सीएम योगी ने अधिकारियों को दिया ये निर्देश

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ, उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटों में बारिश से संबंधित घटनाओं में कम से कम उन्नीस लोगों की मौत हो गई है। राज्य राहत आयुक्त कार्यालय ने सोमवार शाम को बताया कि चार की मौत बिजली गिरने से और दो की डूबने से हुई। इसमें कहा गया है कि हरदोई में चार, बाराबंकी में तीन, प्रतापगढ़ और कन्नौज में दो-दो और अमेठी, देवरिया, जालौन, कानपुर, उन्नाव, संभल, रामपुर और मुजफ्फरनगर जिलों में एक-एक मौत की सूचना मिली है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश के 22 जिलों में 40 मिमी से अधिक बारिश हुई है, जिनमें मुरादाबाद, संभल, कन्नौज, रामपुर, हाथरस, बाराबंकी, कासगंज, बिजनौर, अमरोहा, बहराईच, लखनऊ, बदांयू, मैनपुरी, हरदोई, फिरोजाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, कानपुर, सीतापुर फरुर्खाबाद, लखीमपुर खीरी और फतेहपुर शामिल हैं।

### सीएम योगी का अधिकारियों को निर्देश

एक सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभावित जिलों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य चलाने के निर्देश दिये हैं। प्रवक्ता ने बताया कि आदित्यनाथ ने अधिकारियों को इलाकों का दौरा करने और राहत कार्यों पर नजर रखने को कहा है और आपदा से प्रभावित लोगों को तुरंत अनुमेय राहत राशि वितरित करने को कहा है। जल भराव की स्थिति में समुचित जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था की जाय तथा नदियों के जल स्तर की निरन्तर निगरानी की जाय। अधिकारी ने सीएम के हवाले से कहा कि फसलों को हुए नुकसान का आकलन किया जाना चाहिए और रिपोर्ट सरकार को उपलब्ध करायी जानी चाहिए ताकि प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा राशि प्रदान की जा सके।




### सड़क ठेकेदारों पर फूटा सीएम योगी का गुस्सा

योगी ने साफ तौर पर कहा कि जो सड़कें नई बनेंगी, उनकी पांच साल की गारंटी होगी। उन्होंने कहा कि जब आप (अधिकारी) वहां जाएं तो आपको पूरे जिले की समीक्षा करनी होगी। औचक दौरे करें और काम की गुणवत्ता जांचें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी अपराधी या माफिया को ठेका हासिल करने से दूर रखा जाना चाहिए। ठेका उससे जुड़े किसी भी व्यक्ति तक नहीं पहुंचना चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि हर विभाग अपनी जिम्मेदारी निभाए। हमें सड़कों के नव निर्माण की दिशा में आगे बढ़ना होगा। अधिकांश सड़कें क्षतिग्रस्त होने के कारण जलभराव की समस्या रहती है। सीएम ने सभी विभागों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सड़क निर्माण एजेंसी/ठेकेदार सड़क निर्माण के बाद अगले 05 वर्षों तक सड़क के रख-रखाव की जिम्मेदारी भी ले।

# भारत को दहलाने के लिए आतंकियों ने रची बड़ी साजिश

### श्रीनगर-बारामूला राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिछाई IED ! सुरक्षा बलों ने भयानक त्रासदी को किया नाकाम

**अमन लेखनी समाचार**

**नई दिल्ली,** जम्मू कश्मीर में आतंकी हर तरह से शहर में शांति को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन भारतीय सेना उनसे एक कदम आगे चलकर उनकी अधिकतर कोशिशों को नाकाम कर रही हैं। कश्मीर में एक बार फिर से पाक के आतंकियों की साजिश को नाकाम करते हुए सुरक्षा बलों ने एक बड़ी त्रासदी को टाल दिया है।सोमवार को श्रीनगर-बारामूला राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का समय पर पता चलने से एक बड़ी त्रासदी टल गई। सोमवार तड़के राष्ट्रीय राजमार्ग पर हांजीवीरा में बलों को एक बैग में रखा संदिग्ध आईईडी मिला। आईईडी का पता चलने के बाद सुरक्षा बलों ने सख्ती बढ़ा दी और बारामूला में यातायात रोक दिया। जम्मू-कश्मीर पुलिस भारतीय सेना मौके पर मौजूद है। संदिग्ध आईईडी को निष्क्रिय करने के लिए बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) को बुलाया गया। समाचार एजेंसी के अनुसार, बम निरोधक दस्ते ने संदिग्ध वस्तु को सुरक्षित रूप से पास के खेतों में स्थानांतरित कर दिया और बिना किसी नुकसान के नियंत्रित विस्फोट के माध्यम से इसे नष्ट कर दिया। इससे पहले 3 सितंबर को, सुरक्षा बलों ने सीमावर्ती जिले राजौरी के सांगपुर गांव में एक राष्ट्रीय राजमार्ग पर आईईडी जैसी सामग्री पाई और उसे नष्ट कर दिया। आईईडी को एक टिफिन बॉक्स के अंदर रखा गया था और सेना की सड़क खोलने वाली पार्टी को जम्मू-पुंछ राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे सांगपुर गांव में सड़क के किनारे पड़ा हुआ मिला। आधिकारिक सूत्रों ने कहा, ॅराजौरी के संगपुर गांव में एनएचडब्ल्यू के किनारे आईईडी जैसी सामग्री देखी गई, जिसके बाद सड़क बंद कर दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### एयर एशिया के विमान को तकनीकी खराबी के बाद वापस कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारा गया

कोच्चि। एयर एशिया के एक विमान को उडाऩ भरने के कुछ मिनटों बाद वापस कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारा गया जिसमें 168 यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे। हवाई अड्डे के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कोच्चि-बेंगलुरु उड़ान रविवार रात सवा 11 बजे हवाई अड्डे से बेंगलुरु के लिए रवाना हुई थी जिसमें कुछ ही देर बाद तकनीकी खराबी आ गई। आशंका है कि विमान के हाइड्रोलिक (तरल दबाव के बल से संचालित होने वाली यांत्रिक प्रणाली) में खराबी आ गई थी जिसके बाद उसे वापस कोच्चि उतारने का फैसला लिया गया और हवाई अड्डे पर आपात स्थिति घोषित कर दी गई। सूत्रों ने बताया कि विमान मध्यरात्रि में हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया जिसमें किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

### भुजबल पिछले साल शिवसेना में लौटने चाह रहे थे : पूर्व विधायक घोलप

**मुंबई,** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बबन घोलप ने रविवार को कहा कि उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) के उपनेता पद से इस्तीफा दे दिया है और दावा किया कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता छगन भुजबल एक साल पहले उनकी पार्टी में लौटना चाह रहे थे लेकिन उन्होंने इस योजना को विफल कर दिया। नासिक रोड-देओलाली विधानसभा क्षेत्र का लगातार पांच बार प्रतिनिधित्व करने वाले घोलप ने कहा कि जब वह पिछले साल दिल्ली में थे तो शिवसेना के मिलिंद नार्वेकर ने उन्हें बताया कि भुजबल पार्टी में वापस आने की योजना बना रहे हैं। घोलप ने संवाददाताओं से कहा, मैंने उद्धवजी से पूछा कि एक व्यक्ति जिसने दिवंगत शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे को तंग किया, उन्हें गिरफ्तार कराया, मेरे, राज ठाकरे और कई अन्य लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए, वह पार्टी में कैसे शामिल हो सकते हैं। पूर्व विधायक ने दावा किया कि तब ठाकरे ने अपने करीबी सहयोगी नार्वेकर से कहा कि भुजबल को पार्टी में अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

### मराठा आरक्षण पर चर्चा के लिए सोमवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई : अजित पवार

मुंबई, सोमवार को मुंबई में एक सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है। मुंबई से लगभग 380 किलोमीटर दूर कोल्हापुर शहर में रविवार को एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, मराठा समुदाय को आरक्षण देते समय यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि अन्य पिछड़ा वर्ग प्रभावित न हो। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि मराठा आरक्षण के मुद्दे पर चर्चा के लिए सोमवार को मुंबई में एक सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है। मुंबई से लगभग 380 किलोमीटर दूर कोल्हापुर शहर में रविवार को एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, मराठा समुदाय को आरक्षण देते समय यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि अन्य पिछड़ा वर्ग प्रभावित न हो।

# मंत्री के आश्वासन के बाद कर्नाटक राज्य निजी परिवहन महासंघ ने हड़ताल वापस ली

**अमन लेखनी समाचार**

**नई दिल्ली,** कर्नाटक के परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी से ज्यादातर मांग मान लिए जाने का आश्वासन मिलने के बाद कर्नाटक राज्य निजी परिवहन महासंघ ने सोमवार दोपहर शहर में अपनी एक दिवसीय हड़ताल वापस ले ली। मंत्री ने कहा कि महासंघ की 30 मांगों में से 27 पर वह सहमत हैं और बाकी तीन का संबंध शक्ति योजना, ऑटो चालकों को मासिक अनुदान तथा 10 लाख रुपये से 15 लाख रुपये मूल्य के वाहनों पर कर छूट से है। सोमवार को, हड़ताल वापस लिए जाने से पहले सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा और यात्रियों, कार्यालय जाने वालों तथा विद्यार्थियों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए ऑटो रिक्शा एवं कैब की सुविधा हासिल करने में परेशानी हुई।

बेंगलुरु यातायात पुलिस ने यातायात परामर्श जारी किया था लेकिन आज सुबह मैजेस्टिक क्षेत्र से फ्रीडम पार्क तक महासंघ के सदस्यों द्वारा विरोध मार्च निकाले जाने के कारण शहर के कई हिस्सों में वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। महासंघ में कुल 32 निजी परिवहन संघ शामिल हैं। रेड्डी ने फ्रीडम पार्क में महासंघ के सदस्यों से भेंट की तथा उन्हें आश्वासन दिया कि 30 में से 27 मांगें वह मान लेंगे। मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार निजी परिवहन संघों की सभी मांगों को मान लेने का प्रयास करेगी। महासंघ द्वारा सौंपी गयी 30 मांगों की सूची पर रेड्डी ने कहा कि उनमें दो का संबंध शक्ति योजना से है तथा एक अन्य कर मुद्दे से संबंधित है तथा उनके द्वारा की गईं चार अन्य मांगों का मामला अदालत में है।

उन्होंने कहा, स्थगन हासिल करने के लिए हमें अदालत में कानूनी लड़ाई के वास्ते एक वकील नियुक्त करना होगा। अन्य मांग वित्तीय कवर (उन्हें हुए वित्तीय नुकसान) के संबंध में है जिसके बारे में मुख्यमंत्री को फैसला करना है।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की प्रेरणा से महिला सशक्तिकरण हेतु निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

**अमन लेखनी समाचार**



**लखनऊ।** रक्षा मंत्री भारत सरकार एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह की प्रेरणा से महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से शहर के विभिन्न मुहल्ले में सिलाई सेंटर खोले जा रहे है जिसके तहत महानगर अध्यक्ष, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने एक और सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के ओ एस डी के.पी. सिंह, पार्षद संदीप शर्मा और साकेत शर्मा साथ में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। ऐशबाग वार्ड में उषा भवन पर शुरू किए गए केंद्र पर फीयम फाउंडेशन के सहयोग से सीएसआर फंड द्वारा महिलाओं को निःशुल्क सिलाई मशीन उपलब्ध कराई गई है जहां किरण शर्मा और सबीना खान द्वारा निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जाएगा। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि महिला सशक्तिकरण अभियान को प्रसारित करने के अंतर्गत महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने हेतु निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र खोला गया है। एम एल सी मुकेश शर्मा ने कहा कि किसी भी देश का विकास तभी संभव है जब देश की महिलाएं भी कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़े। महिलाओं को हुनरमंद व आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से खोले गए केंद्र में सिलाई को रोजगार के रूप में अपनाने के नजरिए से उद्घाटन के समय बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# विदेश में भारत माता की फिर आलोचना की गई

### राहुल की बयानबाजी पर सिंधिया बोले

**अमन लेखनी समाचार**

**नई दिल्ली,** यूरोप दौरे पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ किए गए हमलों पर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को पलटवार करते हुए कहा कि संकीर्ण मानसिकता के कारण एक बार फिर विदेश में भारत माता की आलोचना की गई है। नागरिक उड्डयन मंत्री सिंधिया ने कहा कि कुछ लोगों की सोच हमेशा दूसरों की लकीर छोटी करने की होती है। सिंधिया ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा, भारत एक सितारे के रूप में विश्व पटल पर उभर रहा है, तो कुछ दलों को बेचैनी का अनुभव हो रहा है। कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनकी सोच अपनी लकीर बड़ी करने की नहीं, बल्कि दूसरों की लकीर छोटी करने की होती है। सिंधिया से गांधी द्वारा उनके यूरोप दौरे में भारत बनाम इंडिया विवाद और अन्य विषयों पर केंद्र सरकार के खिलाफ किए गए हमलों को लेकर प्रतिक्रिया मांगी गई थी। नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा, छोटी मानसिकता के कुछ दलों को भारत में जी20 शिखर सम्मेलन के आयोजन की सफलता से जलन हुई है। इस मानसिकता के कारण विदेश जाकर एक बार फिर भारत माता की आलोचना की गई है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ऐसी नकारात्मक शक्तियों को अच्छी तरह जान चुकी है और उन्हें आने वाले लोकसभा चुनावों में लगातार तीसरी बार सबक सिखाएगी। सिंधिया ने यह भी कहा कि भारत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जी20 शिखर सम्मेलन का ऐतिहासिक रूप से सफल आयोजन किया गया और सम्मेलन के दौरान सर्वसम्मति से स्वीकार किए गए दिल्ली घोषणापत्र में दुनियाभर के सामने मौजूद चुनौतियों से निपटने का खाका है। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा है कि सत्तारूढ़ भाजपा नवंबर में संभावित विधानसभा चुनाव के लिए अपना अभियान सीधे दिल्ली से संचालित कर रही है, क्योंकि उसे राज्य में अपने नेतृत्व और संगठन पर विश्वास नहीं है। सिंधिया ने जवाबी हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस दिल्ली कमांड कल्चर को पूरे देश में अपने पार्टी संगठन में दशकों से व्यापक रूप से लागू कर रही है और इस दल ने राज्यों में उभरते नेतृत्व को कुचलने के लिए केंद्रीयकृत व्यवस्था बना रखी है। वर्ष 2020 में कांग्रेस से भाजपा में आए सिंधिया ने कहा, आज इस दल (कांग्रेस) के नेता जनता के दिलों को जीतने वाली भाजपा को उपदेश दे दे रहे हैं।



# ठाणे में लिफ्ट हादसा : मृतकों की संख्या बढ़कर सात हुई, मामला दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

**मुंबई,** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में निमार्णाधीन 40 मंजिला इमारत की लिफ्ट गिरने की घटना में एक और श्रमिक की मौत होने से इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि रविवार शाम हुए हादसे के बाद श्रमिक सुनील कुमार (21) को इमारत की बेसमेंट पार्किंग से जीवित निकाला गया था। कुमार को एक अस्पताल में ले जाया गया था, जहां रविवार देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कापुरबावड़ी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर उत्तम सोनवणे ने ह्यपीटीआई-भाषाह्न को बताया कि ठेकेदार के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 304 (2) (जल्दबाजी और लापरवाही से किया गया कृत्य), 337 (दूसरों की निजी सुरक्षा या जीवन को खतरे में डालकर नुकसान पहुंचाना) और 338 (दूसरे की जान या निजी सुरक्षा को खतरे में डालकर गंभीर चोट पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। यहां घोडबंदर रोड पर बालकुम इलाके में स्थित 40 मंजिला इमारत के निर्माण कार्यों के लिए बनाई लिफ्ट रविवार शाम को गिर गई थी। तड़वी ने रविवार को बताया था कि यह निर्माण कार्यों के लिए बनाई गई लिफ्ट थी, न कि नियमित लिफ्ट। उन्होंने कहा था, ह्यह्यश्रमिकों ने 40वीं मंजिल पर वाटर-प्रूफिंग का काम पूरा कर लिया था और लिफ्ट में प्रवेश किया था, तभी शाम करीब साढ़े सात बजे लिफ्ट दुर्घटनाग्रस्त होकर पी3 (पार्किंग में तीसरे स्तर के भूमिगत क्षेत्र) में जा गिरी।

# सनातन धर्म के 'अपमान' पर चुप रहने के लिए अनुराग ठाकुर ने साधा राहुल और उद्धव पर निशाना

**अमन लेखनी समाचार**



नई दिल्ली, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कहा कि सनातन धर्म का अपमान करने का प्रयास किया जा रहा है और उन्होंने इस पर चुप रहने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे पर निशाना साधा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता की टिप्पणी उस राजनीतिक विवाद के बीच आई है जब द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन ने लोगों के बीच विभाजन और भेदभाव को बढ़ावा देने के लिए सनातन धर्म को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि इसे खत्म किया जाना चाहिए। साथ ही डीएमके नेता ए राजा ने सनातन धर्म की तुलना कुष्ठ रोग और एचआईवी जैसी सामाजिक कलंक वाली बीमारियों से की थी।

राहुल गांधी के इस बयान पर कि उन्होंने उपनिषद और भगवद गीता पढ़ी है और भाजपा जो करती है उसमें कुछ भी हिंदू नहीं है, इस पर पत्रकारों के सवाल पर ठाकुर से कहा, "विपक्ष को सनातन धर्म के अपमान पर अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए।" मंत्री ने दावा किया, विपक्ष सनातन धर्म का अपमान करने तक ही सीमित है। यह उनकी मानसिकता को दशार्ता है और सनातन धर्म का अपमान करने के एक के बाद एक प्रयास जारी हैं। इंडिया बनाम भारत बहस पर राहुल गांधी की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर, ठाकुर ने कहा कि कुछ लोगों को भय और भ्रम फैलाने और झूठ बोलने की आदत है। उन्होंने कहा कि उन्होंने जीवन भर यही किया है। शिव सेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे के इस बयान पर कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के बाद गोधरा जैसी घटना हो सकती है, ठाकुर ने दावा किया कि कुछ लोग सत्ता के लालच में अपनी विचारधारा भूल गए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि बालासाहेब (शिवसेना के दिवंगत संस्थापक और उद्धव ठाकरे के पिता) ने आज क्या सोचा होगा और सत्ता के लालच में उद्धव जी आज क्या कर रहे हैं। जब सनातन धर्म के बारे में इतनी बातें कही गईं तो राहुल जी और उद्धव जी ने एक शब्द भी नहीं कहा।

# पश्चिम तटीय तेलशोधक परियोजना को गति देने का फैसला

**अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुलअजीज अल सौद के साथ सोमवार को विस्तृत चर्चा की तथा दोनों देशों ने 50 अरब डॉलर की पश्चिमी तटीय तेलशोधक परियोजना पर अमल में गति लाने, चिन्हित ऊर्जा, रक्षा, सेमीकंडक्टर और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने का निर्णय किया। भारत-सऊदी अरब सामरिक साझेदारी परिषद (स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप काउंसिल) की पहली बैठक में दोनों पक्षों ने हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में अपने संबंधों के वर्तमान स्तर को विविधता प्रदान कर इसे समग्र ऊर्जा गठजोड़ में तब्दील करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्षों ने डिजिटलीकरण और निवेश सहित विभिन्न क्षेत्रों में आठ समझौतों पर हस्ताक्षर भी किये।

विदेश मंत्रालय में सचिव (प्रवासी भारतीय मामले) औसफ सईद ने कहा, दोनों पक्षों ने पश्चिमी तटीय तेलशोधक परियोजना को जल्द लागू करने का पूर्ण समर्थन किया जो अरामको, एडीएनओसी और भारतीय कंपनियों के बीच त्रिपक्षीय सहयोग पर आधारित है। सईद ने संवाददाताओं को बताया कि दोनों नेताओं (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुलअजीज अल सौद) के बीच बातचीत में कई क्षेत्र चिन्हित किये गए जिसमें ऊर्जा, रक्षा, सुरक्षा, शिक्षा, प्रौद्योगिकी, परिवहन, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन और संस्कृति शामिल हैं।

दोनों पक्षों ने पावर ग्रिड, गैस ग्रिड, आप्टिकल ग्रिड, फाइबर नेटवर्क में संभावित सहयोग पर भी चर्चा की। जी20 शिखर सम्मेलन की समाप्ति के बाद बिन सलमान इस समय भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। अहम क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से भारत-सऊदी अरब सामरिक साझेदारी परिषद की घोषणा 2019 में की गई थी। सईद ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और सऊदी अरब के युवराज बिन सलमान ने पश्चिमी तटीय तेलशोधक परियोजना पर अमल में गति लाने का पूर्ण समर्थन किया जिसके लिए 50 अरब डॉलर की राशि चिन्हित की गई है। उन्होंने कहा, दोनों पक्षों ने संयुक्त कार्यबल स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की ताकि 100 अरब डॉलर के निवेश से जुड़े आयमों के चिन्हित करने और इसका रेखांकन करने में मदद मिल सके।

पश्चिमी तटीय तेलशोधक परियोजना की स्थापना महाराष्ट्र में होनी है। इस वृहद तेलशोधक सह पेट्रो केमिकल परिसर परियोजना की घोषणा 2015 में की गई थी। वार्ता से पहले सऊदी अरब के युवराज का राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में एक समारोह में स्वागत किया गया। स्वागत के बाद बिन सलमान ने संवाददाताओं से कहा, मैं भारत आकर बहुत खुश हूं। मैं जी20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत को बधाई देना चाहता हूं। सऊदी नेता ने कहा कि शिखर सम्मेलन में की गई घोषणाओं से दुनिया को फायदा होगा। उन्होंने कहा, हम दोनों देशों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए मिलकर काम करेंगे। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज भारत-सऊदी अरब स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप काउंसिल की पहली बैठक में भाग लेते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है।

2019 की मेरी सऊदी अरब यात्रा के दौरान हमने इस परिषद की घोषणा की थी। इन चार वर्षों में यह हमारी रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने के प्रभावी माध्यम के रूप में उभरा है। मोदी ने कहा, मुझे खुशी है कि इस परिषद के अंतर्गत दोनों समितियों की कई बैठकें हुई हैं, जिनसे हर क्षेत्र में हमारा आपसी सहयोग निरंतर बढ़ रहा है। बदलते समय की जरूरतों के अनुसार हम हमारे संबंधों में नए और आधुनिक आयाम जोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के लिए सऊदी अरब हमारे सबसे महत्वपूर्ण सामरिक सहयोगियों में से है। उन्होंने कहा कि विश्व की दो बड़ी और तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं के रूप में हमारा आपसी सहयोग पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है।

## संक्षेप

### शौच के लिए तालाब के किनारे गया व्यक्ति, पैर फिसलने से डूबकर हुई मौत

लखनऊ। सरोजनीनगर में सोमवार को शौच के लिए तालाब के किनारे गया 40 वर्षीय व्यक्ति पैर फिसलने से तालाब में डूब गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सरोजनीनगर के हिंदू खेड़ा निवासी कपिल (40) सोमवार सुबह घर से शौच के लिए निकला। बताते हैं कि वह गाँव से कुछ दूर तालाब के किनारे शौच के बाद जैसे ही पानी लेने गया। तभी उसका पैर फिसलने से वह पानी भर गहरे तालाब में डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। कुछ देर बाद उधर से गुजरे राहगीरों ने उसका शव पानी में उतराता देख इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। बाद में पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सरोजनीनगर इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी का कहना है कि कपिल मिर्गी का रोगी था। वह शौच के बाद पानी लेने तालाब के किनारे गया। तभी उसके मिर्गी का दौरा पड़ गया और वह तालाब में गिरकर डूब गया।

### आकाशीय बिजली गिरने से हुई गाय की मौत

बंथरा। तीन दिनों से हो रही बारिश व तेज हवाओ के झोंको से लोगो को घर से बाहर निकलने मे भय लग रहा है। बीती रात तेज हवा और बारिश के साथ गिरी आकाशीय बिजली के कारण एक किसान की गाय की मौत हो गई। बंथरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा अंदपुर के रहने वाले भगवान दीन लोधी की गाय दरवाजे पॉलिथीन पन्नी के नीचे बंधी हुई थी। जिसके ऊपर रात में मौसम खराब होने के साथ-साथ गिरी आकाशीय बिजली के कारण उसकी दर्दनाक मौत हो गई। भगवान दीन ने बताया कि मृतक गाय एक महीने के बाद बच्चा देने वाली थी जो प्रतिदिन की तरह दरवाजे पर पॉलिथीन की पन्नी के नीचे छाया करके बंधे हुए थे, लेकिन उसकी आकाशीय बिजली गिरने के कारण तत्काल मौत हो गई।

# निजी अस्पताल में इलाज में लापरवाही से जच्चा व बच्चे की मौत, ग्रामीणो का प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



नगराम-लखनऊ। समेसी में स्थित निजी अस्पताल में इलाज में बरती गयी लापरवाही से सोमवार को जच्चा-बच्चा की मौत हो गयी।जिसके बाद नाराज परिजन व ग्रामीणो ने मौके पर पहुंचकर हगांमा व प्रदर्शन करने के साथ ही अस्पताल को सील कर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्यवाही तथा मुआवजे की मांग पर अड़ गयें। सूचना पर नगराम समेत कई थानो की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नाराज परिजनो व ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराने के साथ कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया। जिसके बाद सीएचसी अधीक्षक के नेतृत्व में पहुंची स्वास्थ विभाग की टीम ने अस्पताल को सील किया।पीड़ित परिजनो ने संचालक समेत डाक्टर पर कार्यवाही के लिये पुलिस को तहरीर दी है।गोसाईगंज के भट्टी बरकतनगर निवासी राजेंद्र कुमार ने बताया कि बीती 10 सितंबर को वो अपनी गर्भवती पत्नी रेनू को डिलवरी के लिये नगराम के समेसी में स्थित केयर पाली क्लीनिक ले गए थे।जहां पर अस्पताल के डॉक्टरों ने पत्नी रेनू को एडमिट कर लिया। सोमवार को बताया पत्नी को खून की कमी है, तीन यूनिट खून चढ़ेगा। जिस पर राजेंद्र ने आनन फानन में खून की व्यवस्था की।राजेन्द्र का आरोप है कि, अस्पताल के डॉक्टरों ने रेनू को करीब तीन घंटे तक ओटी में रखा और नार्मल डिलीवरी कराने की बात कहते रहे। लेकिन समय अधिक होने से पत्नी की तबियत जब ज्यादा बिगड़ गयी।तो अस्पताल के संचालक ने हाथ खड़े कर दिये ओर हालत गम्भीर बताकर रेफर कर दिया।जिसके बाद वो जैसे ही गर्भवती पत्नी को निजी वाहन से लेकर कुछ दूर निकला पत्नी समेत पेट में मौजूद बच्चे ने दम तोड़ दिया।पति ने आरो आरोप पैसा लेने के बाद भी सही से इलाज नही किया। जिसके चलते उसकी पत्नी व बच्चे की जान चली गई।, इसी बात से नाराज मृतका के घर वालों सहित ग्रामीणों ने अस्पताल पहुंचकर वहा शव रखकर हंगामा शुरू दिया।हंगामे की सूचना के बाद नगराम, निगोहां, मोहलालगंज समेत कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचकर परिजनो व ग्रामीणो को शांत कराए जाने का प्रयास करने लगी।लेकिन परिजन सीएमओ लखनऊ को मौके पर बुलाए जाने व अस्पताल पर कड़ी कार्यवाही समेत मुआवजे की मांग पर अड़ गए।करीब 3 से 4 घंटे चले हंगामे के बाद मोहनलालगज सीएचसी अधीक्षक डा०अशोक कुमार ने मौके पर पहुंचकर परिजनो को कड़ी कार्यवाही का भरोसा दिलाते हुये अस्पताल को उनके सामने ही सील किया।तब जाकर आक्रोशित परिजन व ग्रामीण शांत हुये।पीड़ित पति राजे?न्द्र ने संचालक समेत डाक्टर की लापरवाही से पत्नी की मौत का आरोप लगाते हुये पुलिस को कार्यवाही के लिये तहरीर दी है।जिसके बाद पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।सीएचसी अधीक्षक डा०अशोक कुमार ने बताया सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर निजी अस्पताल को सील कर मृतका के इलाज सम्बंधी दस्तावेज कब्जे में ले लिये गये हैं।बिना रजिस्ट्रेशन कराये अस्पताल का संचालन कर मरीजो की जान से खिलवाड़ किया जा रहा था, कार्यवाही के लिये सीएमओ को रिपोट भेजी जायेगी।

## पंखे में उतरे करंट की चपेट में आकर स्कूल के चौकीदार की मौत, मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार



मृतक फाइल फोटो

लखनऊ।निगोहां के मीरखनगर गांव में एक निजी स्कूल के चौकीदार की रविवार की देर रात पंखे में उतर रहे करंट की चपेट में आकर मौत हो गयी।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक चौकीदार के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

मीरखनगर मजरा कासिमपुर निवासी रामतीर्थ (38वर्ष) मीरखनगर गांव में स्थित कैपिटल वर्ड स्कूल में वैन चलाने के साथ ही रात को चौकीदारी करता था।उसके साथ में भतीजा बालकृष्ण भी चौकीदारी करता था। रविवार देर शाम रामतीर्थ अपने घर से स्कूल में चौकीदारी के लिए गया, जहाँ लगे टेबिल फैन का स्विच चालू करने लगा तभी करंट की चपेट में आकर उसकी मौत हो गयी। भतीजा बालकृष्ण खाना लेकर स्कूल पहुंचा तो वहा चाचा रामतीर्थ को मृत्यु पड़ा देख चीख पड़ा।जिसके बाद उसने घर पहुंचकर परिजनो को सूचना दी।परिजन मौके पर पहुंचे तो कोहराम मच गया।मृतक रामतीर्थ अपने परिवार का इकलौता सहारा था, उसके परिवार में पत्नी रेशमा, बेटी राशि, प्रांची, महेंर व मासूम बेटा सार्थक व बुजुर्ग मां दुलारी है।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक चौकीदार के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

## चिनहट थाने की पुलिस लापता महिला को ढूंढने मे नाकाम

**बीते 1 सितम्बर से संदिग्ध परिस्थितियों मे लापता महिला अंशु प्रजापति का पता नहीं लगा सकी थाना चिनहट कमिश्नरेट की पुलिस।**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ. राजधानी लखनऊ के थाना क्षेत्र चिनहट के अन्तर्गत देवरिया खुर्द, लौलाई से विगत 1 सितम्बर को लापता महिला अंशु प्रजापति का चिनहट थाना क्षेत्र की कमिश्नरेट पुलिस पता नहीं लगा सकी।लखनऊ कमिश्नरेट की पुलिस महिला सुरक्षा के लाख दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है।लापरवाही का आलम यह है कि लगभग एक सप्ताह बीतने को है पर पुलिस हाँथ पर हाँथ रखे बैठी है और परिवारीजनों को कोरा आश्वासन दिया जा रहा है।वहीं परिवारीजनों का कहीं किसी अनहोनी के चलते लापता बेटी का पता न चल पाने के कारण रो-रोकर बुरा हाल है।

लापता महिला के पिता तुलाराम प्रजापति ने बताया कि मेरी बेटी बीती 1 सितम्बर से लापता है, जिसकी गुमसुदगी कमिश्नरेट पुलिस के अन्तर्गत थाना चिनहट मे दर्ज कराई गई थी, लेकिन एक सप्ताह बीतने के बावजूद चिनहट की पुलिस मेरी बेटी को ढूंढने मे नाकाम है जोकि कमिश्नरेट पुलिस पर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह है।

## सरोजनीनगर : जलभराव की समस्या से निदान दिलाने ग्राउंड जीरो पर उतरी विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की टीम

**सुबह से लेकर रात तक सरोजनीनगर में सक्रीय रही टीम राजेश्वर, जनता को दिलाई जलभराव से राहत**

**डॉ. राजेश्वर सिंह की टीम ने अप्रत्याशित वर्षा के कारण प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण, विभागों से समन्वय स्थापित कर जनता को दिलाया समस्या से निदान**

अमन लेखनी समाचार/रेहान खान



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कई जिलों समेत राजधानी लखनऊ में भी रविवार रात से हो रही भारी बारिश का कहर देखने को मिला। बारिश के कारण सड़कों का बुरा हाल रहा, कुछ जगहों पर कॉलोनियों के घरों तक में पानी पहुंच गया। लोगों को जलभराव के कारण गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ा। पूरे लखनऊ में जलमग्न स्थिति को देखते शासन-प्रशासन युद्ध स्तर पर जुटे रहे। तो वहीं सरोजनीनगर में भारी बारिश के बीच लोगों की मदद करने के लिए विधायक डॉ राजेश्वर सिंह की टीम बेहद सक्रिय रही। डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व और मार्गदर्शन में उनकी टीम सोमवार सुबह से लेकर रात तक ग्राउंड जीरो पर रही, विभिन्न स्थानों पर हुए जलभराव का जायजा लिया तथा जलनिकासी के उचित प्रबंध भी कराए गए। इस दौरान सूचना प्राप्त होते ही लोगों के घरों तक रोजमर्रा की जरूरत के सामान व अन्य सहायता भी पहुंचाई गई।. बारिश के कारण लोगों को हो रही असुविधा और समस्याओं से निदान दिलाने के लिए विधायक डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा 5 विभिन्न टीमों का गठन किया गया। टीम द्वारा रजनीखंड, सैनिक नगर, विनायकी तालाब, रिक्शा कॉलोनी, आशियाना सेक्टर ट, वृंदावन योजना सेक्टर 5, खरिका प्रथम व द्वितीय, ओमेक्स सिटी सहित अन्य क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति का निरीक्षण कर व लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, पुलिस विभाग, सिचाई विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर लोगों को समस्या से निदान दिलाने हेतु तत्काल दिशा निर्देश तय किये गए। इस दौरान जलनिकासी के लिए क्षेत्र में क्रियाशील 14 पंपिंग स्टेशनों की मॉनिटरिंग कर जलनिकासी की प्रक्रिया आरंभ कराई गई तथा कई जगह क्षतिग्रस्त रोड़ों से कोई जनहानि न हो इसलिए जनता को सचेत किया गया तथा प्रभावित एरिया में बैरिकेडिंग करने हेतु पुलिस विभाग तथा क्षतिग्रस्त रोड़ों की मरम्मत हेतु संबंधित विभाग को भी सूचित किया गया।

## बनी अंडरपास के नीचे जलभराव, आवागमन बाधित



अमन लेखनी समाचार

बन्थरा। लगातार चार -पांच दिनों से हो रही बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव की समस्या होने लगी है। ग्रामीणों का आना जाना भी दुभर हो गया है। बंथरा के बनी में अंडरपास के नीचे जल भराव होने से लोगों का आवागमन लगभग बंद हो चुका है। बनी अंडरपास से हजारों लोगो का आना-जाना लगा रहता है। बड़े छोटे सभी तरह के वाहनों का आवागमन भी इस अंडरपास के जरिए हुआ करता है अंडरपास के नीचे भारी मात्रा में जल भराव होने से नौनिहाल समेत बुजुर्गो की जान का खतरा भी बन चुका है। ऐसी स्थिति होने से लोगों के मन मे अपने व अपने बच्चो के लिए भय के साथ साथ दहशत भी बैठ गयी है। अंडरपास रास्ते से दूसरी तरफ पीएनसी कंपनी द्वारा बनाए जा रहे एलिवेटेड सड़क के पिलर ढाले जाने को लेकर तालाब को पाट दिया गया है जिसके चलते पानी भरा हुआ है। लोगों के घरों के आसपास पानी पहुंच गया है। सड़क काटकर यह पानी अंडरपास की तरफ निकाला जा रहा है जिससे जल भराव की स्थिति और ज्यादा उत्पन्न हो गई है और आसपास रहने वाले लोगों की परेशानियां और बढ़ती चली जा रही हैं ऐसे में यदि दो-चार दिन और बारिश होती है तो आसपास के घरों में पानी का घुस जाना निश्चित है।

## जनसुनवाई व निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर किया आयोजित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा चलाए जा रहे आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत रविवार को बंथरा के रामचौरा गाँव में जनसुनवाई व निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। माँ स्व. तारा सिंह की स्मृति में आयोजित इस शिविर में वरिष्ठ भाजपा नेता शिव शंकर सिंह शंकरी व विधायक कार्यालय की टीम के विधायक प्रतिनिधि पार्षद केएन सिंह द्वारा आम जनता की समस्याओं को सुना गया। कार्यक्रम में बारात घर, विधवा पेंशन, नाली, आवास व मुख्य सड़क के चौड़ी करण व नाला जैसी ग्रामीणों की 36 समस्याएँ सुनी गई। इस दौरान भविष्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा गाँव की शान कार्यक्रम के तहत इंटरमीडिएट के मेधावी यशी लोधी, आँचल शुक्ला, उदय साहू व शांतनु रावत को प्रशस्ति पत्र, दीवार घड़ी और साइकिल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता शिव शंकर सिंह शंकरी के जन्म दिन पर लोगों ने उन्हे माल्यार्पण करने के अलावा बुके व रामनामी गमछा देकर बधाई व शुभकामानाएं भी दी। शंकरी ने कहा कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है, इसलिए इनका सही मार्ग दर्शन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा युवाओ की ऊर्जा और ज्ञान का सदुपयोग कर देश को और अधिक मजबूती प्रदान की जा सकती है। वहीं स्वास्थ्य शिविर में पाँच दर्जन से अधिक ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। कार्यक्रम में विधायक टीम के डा. अखिलेश सिंह, नाहर सिंह, विनय दीक्षित, ग्राम प्रधान मुरलीधर दीक्षित, क्षेपंस अँचल गौतम व सभासद कृष्णा रावत, पूर्व क्षेपंस विवेक राजपूत सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इस दौरान विधायक द्वारा चलाई जा रही मां तारा शक्ति निः शुल्क रसोई के माध्यम से ग्रामीणों को स्वादिष्ट भोजन भी वितरित किया गया।

# तेज बारिश ने नगर निगम की खोल दी पोल

अमन लेखनी समाचार/रेहान खान

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में रविवार रात रुक-रुक कर हुई तेज बारिश ने नगर निगम की पोल खोल कर रख दी है। इस बारिश से शहर की कॉलोनियों के अलावा आसपास के गांव मोहल्लों की गलियां लबालब हो गयीं। भयंकर जल भराव से लखनऊ एयरपोर्ट से सटा चिल्लावां गांव भी अछूता नहीं रह सका। इसी तरह राजा बिजली पासी द्वितीय वार्ड की शांति नगर कॉलोनी में भी ज्यादातर गलियां भयंकर जल भराव से डूब गई। चिल्लावां में गांव को आने जाने वाली मुख्य डामर रोड पर भीषण जल भराव हो जाने के कारण नागरिकों का निकलना मुश्किल हो गया। चिल्लावां के नागरिकों का कहना था कि यहां यह समस्या आज नहीं, बल्कि पिछले कई वर्षों से है। उन्होंने बताया कि हर बरसात में यहां की मुख्य डामर रोड अक्सर पानी में डूब जाती है। रविवार रात हुई बरसात से इस रोड पर करीब 100 मीटर दूर तक घुटनों तक पानी भर गया। नागरिकों ने बताया कि कई बार स्थानीय पार्षद के अलावा नगर आयुक्त और महापौर से इसकी शिकायत की गई, लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला। हालाकि कई वर्ष पहले जलभराव से निजात दिलाने के लिए यहां पंपिंग सेट की व्यवस्था जरूर की गई, लेकिन जरूरत भर डीजल न उपलब्ध हो पाने के कारण वह भी कामयाब नहीं हो पा रहा है। बताते चलें कि नगर निगम के राजा बिजली पासी प्रथम वार्ड के तहत आने वाले चिल्लावां गांव में कोई भी जल निकासी की व्यवस्था नहीं है। जबकि चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से गांव को सटा होने के कारण इसे अत्यधिक वीआईपी माना जाता है। गाँव के बगल से ही एयरपोर्ट पर लगातार वीआईपी लोगों का आना-जाना भी लगा रहता है। लेकिन इसके बावजूद अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। यहां के कई लोगों ने बताया कि मुख्य रोड पर हो रहे जल भराव को दूर करने के लिए जो पंपिंग सेट रखा गया है, उसे जल भराव के समय मुश्किल से दो-चार घंटे ही चलाया जाता है। उसके बाद डीजल न होने की बात कह कर बंद कर दिया जाता है। जिसकी वजह से यहां का पानी नहीं निकल पाता। इसके कारण छोटे-छोटे बच्चों सहित महिलाओं और अन्य लोगों को भी घुटनों तक भरे पानी से होकर ही निकलना पड़ रहा है। वहीं बरसात का पानी लोगों के घरों के अंदर भी घुस गया। यहां कई घरों में पानी भर जाने से लोगों का काफी सामान तक उसी में भीग कर खराब हो गया। हालांकि बाद में बारिश कम होते ही लोगों ने बाल्टियों के सहारे अपने घर का पानी किसी तरह बाहर निकलना शुरू किया, लेकिन कुछ देर बाद फिर शुरू हुई बारिश ने उनकी इस मेहनत पर भी पानी फेर दिया। नागरिकों ने यहां लगे पंपिंग सेट के लिए जरूरत भर हमेशा डीजल उपलब्ध कराने के साथ ही पंपिंग सेट को डीजल के बजाय बिजली से चलाए जाने की व्यवस्था करने की मांग की है। यही हाल राजा बिजली पासी द्वितीय वार्ड के शांति नगर मोहल्ले का है। जहाँ जल निकासी न होने के कारण मोहल्ले की लगभग हर गली भयंकर जल भराव में डूब गई है। इससे लोगों को आना-जाना मुश्किल हो रहा है। लोग काफी परेशान हैं। यहां मामूली बारिश में भी ज्यादातर गलियां भयंकर जल भराव से लबालब हो जाती हैं। जिससे स्कूली बच्चों के अलावा दोपहिया वाहन सवारों को भी आने-जाने में दिक्कत होती है। यहां की गलियों में जगह-जगह गड्ढे होने के कारण इन जलभराव युक्त गड्ढों में फंसकर लोग गिरकर चोटिल होते रहते हैं। शांति नगर वासियों का कहना है कि यहां हर बारिश में हो रहे जल भराव को लेकर कई बार स्थानीय पार्षद के अलावा नगर निगम अधिकारियों को इससे अवगत कराया गया। लेकिन किसी ने अब तक ध्यान नहीं दिया।

## आकाशीय बिजली गिरने से युवक घायल, दर्जनो पक्षियों की मौत

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** निगोहां के लालपुर गांव में सोमवार की सुबह चार बजे के करीब मूसलाधार बारिश व बिजली की कड़कड़ाहट सुन भगौती प्रसाद वर्मा का बेटा मनीष( 23वर्ष) दरवाजे पर पेड़ के नीचे बंधी अपनी भैसों को खोलकर छांव में बांधने जा रहा था इसी दौरान आकाशीय बिजली दरवाजे पर लगे नीम के पेंड पर आ गिरी जिसकी चपेट में आकर मनीष घायल हो गया।परिजनो ने? आनन फानन घायल मनीष को पास के निजी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया।आकाशीय बिजली गिरने से पेड़ पर घोसला बनाये दर्जनों पक्षियों की भी मौत हो गई।किसान भगौती के मकान में विधुत उपकरण टीवी, मोबाइल, पंखा समेत कई विधुत उपकरण फूंक गए। मकान में दरारें भी आ गई। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली गिरते ही जोरदार धमाका हुआ और तेज रोशनी के बाद धुंए का गुबार छा गया।आकाशीय बिजली गिरने मी सूचना के बाद नायब तहसीलदार अनुपम वर्मा ने राजस्वकर्मियो के गांव पहुंचकर नुकसान का जायजा लेने के साथ अस्पताल पहुंचकर घायल युवक का हाल चाल जाना।

### आकाशीय बिजली की कड़कड़ाहट से दहशत में आयी बुजुर्ग महिला ने तोड़ा दम

निगोहां के मीरखनगर गांव निवासी लाल बहादुर उर्फ चिल्गु ने बताया कि सोमवार तड़के आकाशीय बिजली जोर से तड़की इसी दौरान उनकी पत्नी गंगाजली( 60वर्ष) दहशत में आकर जोर से चीखी ओर उनकी मौत हो गई। पति ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने के दौरान उनकी पत्नी बिस्तर में लेटी हुई थी तभी तेज आवाज में बिजली कड़कड़ाने लगी और उनकी पत्नी ने दहशत में आकर दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि आकाशीय बिजली कि तेज आवाज सुन महिला को अटैक पड़ गया जिससे उसकी मौत हुई। वहीं मौत के बाद घर मे कोहराम मच गया। मृतका के परिवार में पति समेत दो बेटे संदीप व माखनलाल हैं।

## एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य' में अग्रणी भूमिका निभाएगा भारत : केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर

अमन लेखनी समाचार



**मोहनलालगंज, लखनऊ।** दिल्ली के प्रगति मैदान में दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे कई देशों के राष्ट्रध्यक्ष शामिल हुए। मोहनलालगंज के सांसद केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर जी ने G-20 के शिखर सम्मेलन के समापन के पश्चात दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक-योल व इटली की प्रधानमंत्री जर्जिया मेलोनी को पालम एयरपोर्ट, दिल्ली पर विदाई और आभार व्यक्त किया। कौशल किशोर ने कहा जी20 की अध्यक्षता से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व को "एक पृथ्वी - एक परिवार - एक भविष्य" का गुरु मंत्र मानवता की भलाई के लिए देकर नयी पहल शुरू करने में बहुत बड़ी सफलता हासिल किया है। आज पूरे विश्व में भारत की ही चर्चा है इसके लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं 140 करोड़ देशवासियों को हार्दिक बधाई।शिखर सम्मेलन के पहले सेशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ की भावना को ध्यान में रखते हुए, भारत ने अफ्रीकी संघ को जी-20 की स्थायी सदस्यता प्रदान किए जाने का प्रस्ताव पेश किया जिसमे अफ्रीकी संघ को जी-20 का सदस्य बनाने संबंधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्ताव को ग्रुप के सभी सदस्य देशों ने स्वीकार किया। जी20 में भारत की अध्यक्षता में 83 प्वाइंट्स' वाले घोषणापत्र में सभी जी-20 देशों ने सहमति बनाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी देशों का आपस में विश्वास बढ़ाने, एक पृथ्वी एक परिवार मतलब पूरा विश्व एक परिवार है और एक भविष्य इस मूल मंत्र के साथ पूरे विश्व को विकसित बनाने के लिए मिलकर कार्य करने जिसमे विकासशील देशों के साथ साथ गरीब देश भी शामिल हों इस पर जोर दिया है।कौशल किशोर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व को सत्य अहिंसा पर चलने के लिए जोर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरे विश्व में भारत का मान सम्मान बढ़ा है जो हम सभी भारतीयों के लिए गर्व का विषय है। केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अध्यक्षता में जी 20 का सफल और शानदार आयोजन हुआ है और सभी मुद्दों पर विश्व के देशों ने आपसी सहमति बनाई है इससे पहले कभी ऐसा आयोजन नही हुआ।

## 545ग्राम अवैध गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज कोतवाली की कनकहा चौकी पुलिस ने सोमवार की सुबह 545 ग्राम अवैध गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया।पुलिस ने तस्कर के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया सोमवार को चौकी इंचार्ज अनुराग पांडे ने पुलिस टीम के साथ कनकहा रेलवे स्टेशन के पास से तस्कर जयकेश निवासी फत्तेखेड़ा मजरा कनकहा को गिरफ्तार कर उसके पास से 545ग्राम अवैध गांजा बरामद किया।

## राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ -कानपुर जलभराव से रहा बाधित, लगा रहा जाम

**अचानक बारिश तेज धीरे होने से घरों में कैद हुए लोग**

अमन लेखनी समाचार। ऋषि राज गुप्ता



बन्थरा। कुछ दिनों से मौसम में हो रहे बदलाव से लोगों को एक तरफ गर्मी से राहत मिली है तो दूसरी ओर लोगों को समस्याएं भी हो रही हैं। बीती रात में मौसम के करवट लेने से तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश क्षेत्र के तमाम गांव शहर हुए जलमग्न लखनऊ कानपुर हाइवे सुबह से जाम की स्थिति बनी रही। पूरे शहर में रविवार को झमाझम बारिश हुई, जिससे मौसम में ठंडक हो गई। बारिश ने लोगों की परेशानी भी खूब बढ़ाई। नेशनल हाईवे पर बंथरा के पास रवि नर्सरी नेशनल हाईवे पर जलभराव हो गया और गड्ढे होने के कारण लंबा जाम लग गया। कई घंटे तक जाम लगा रहा, जिसमें वाहन चालक जूझते रहे। कई दिनों से मौसम में लगातार बदलाव हो रहा था और जहां रात को मौसम ठंडा रहता है, वहीं दिन में काफी गर्मी हो रही थी। रविवार रात को आसमान में बादल छा गए और बारिश होने लगी। रात से सुबह तक हुई बारिश करीब 10 घण्टे तक हुई, लेकिन रात करीब एक बजे अचानक मूसलाधार बारिश होने लगी। एक घंटे से लगातार झमाझम बारिश होती रही। इससे जगह-जगह जलभराव हो गया। नेशनल हाईवे पर जलभराव की समस्या बन गयी। सोमवार सुबह से शाम तक आसमान में बादल छाये रहे बीच बीच बारिश ने लोगों को घर मे कैद कर दिया। जिसके चलते सड़को पर सन्नटा छाया रहा और लोगों को घर से बाहर निकलने में भय लगने लगा।

## संक्षेप

### बारिश में गिरी कच्ची दीवाल मलबे में दबकर वृद्ध की मौत

पुरवा, उन्नाव। लगातार हो रही है बारिश से दीवाल गिरने से तखत पर सो रहे वृद्ध की मलबे में दबकर मौत हो गई वही बगल में लेटी पत्नी बाल बाल बच गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दियाकोतवाली पुरवा क्षेत्र के सुईखेड़ा मजरा फतेहगंज निवासी राम स्वरूप 60 वर्ष पुत्र सत्य नारायण गांव के बाहर बने अपने कच्चे बंगले के नीचे पत्नी समेत सो रहा था बताते हैं कि वृद्ध तखत पर लेटा था और बगल में पत्नी चारपाई पर लेटी थी बीती देर शाम से हो रही बारिश से कच्ची दीवाल वृद्ध के ऊपर गिर गई जिसके मलबे के नीचे वो दब गया पत्नी ने शोर मचाया तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे और वृद्ध को मलबे से निकाला तब तक वृद्ध की सांसे थम हो चुकी थी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया वृद्ध की मौत से पत्नी का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है

### विद्युत करंट की चपेट से मवेशी की मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर की ग्राम सभा रावतपुर के मजरे गढी में रविवार सायं करीब 7 बजे 11 हजार लाइन का तार टूट जाने के वजह से नीचे बंधी भैस की करंट लगने से मौत हो गयी।गढ़ी निवासी राममोहन पुत्र स्व-गंगाराम की 9 महीने की गर्भवती भैस घर के बाहर टीनशेड के नीचे बंधी थी। अचानक 11 हजार लाइन में स्पार्किंग होकर एक तार टूट कर नीचे गिर गया और भैंस उसी की चपेट में आ गयी। जब तक घर वाले कुछ समझ पाते तब तक भैस की मौत हो चुकी थी। भैस मालिक राममोहन ने बताया कि भैस के मरने से करीब 80 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

### कच्ची कोठरी की गिरी दीवाल मलबे में दबकर वृद्ध महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के गजफ्फर नगर गांव निवासी 60 वर्षीय वृद्धा सुंदारा पत्नी स्व. सुखलाल रविवार की रात अपनी कच्छी कोठरी में सो रही थी। तेज बारिश के चलते अचानक कच्ची कोठरी की दीवार भरभराकर उसके ऊपर गिर गई। जब तक आसपास के ग्रामीण उसको बाहर निकालते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

मृतक के कोई भी संतान नहीं है। पति सुखलाल की मौत बीते कई वर्षों पहले हो चुकी है। इनकी देखरेख उनके परिवार के ही गंगा राम करते थे। मृतक अपने घर में अकेले ही रहती थी। ग्राम प्रधान की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर रही है।

# जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की डी एम ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में सम्पन्न हुई।

इस मौके पर जिलाधिकारी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-02 में व्यक्तिगत शौचालयों की प्रगति, वित्तीय वर्ष 2023-24 में व्यक्तिगत शौचालयों की प्रगति, विकास खण्डवार रेट्रोफिटिंग, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अन्तर्गत ओडीएफ प्लस हेतु चयनित ग्राम पंचायतों में निर्मित/निमार्णाधीन/प्रस्तावित समस्त रिसोर्स रिकवरी सेन्टर/वेस्ट सेग्रीगेशन शेड के सुचारू रूप से संचालन एवं रख-रखाव की व्यवस्था, ग्राम पंचायतों में नियमित कचरे के एकत्रीकरण की व्यवस्था, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, गोवर्धन योजना आदि की विस्तृत समीक्षा की गयी। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-02 में व्यक्तिगत शौचालयों की प्रगति के संबंध में डीपीआरओ द्वारा जानकारी दी गयी कि 45902 लक्ष्य के सापेक्ष 42248 लाभार्थियों को प्रथम किस्त तथा 41475 लाभार्थियों को द्वितीय किस्त का भुगतान कर दिया गया है। इस योजना के क्रियान्वयन में जनपद उन्नाव का प्रदेश में तीसरा तथा मण्डल में प्रथम स्थान है। जनपद में रेट्रोफिटिंग का कार्य समस्त ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायकों के माध्यम से कराया जा रहा है। इसके अन्तर्गत 98.82 प्रतिशत सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में ओडीएफ प्लस हेतु 59 ग्राम पंचायतों हेतु उपलब्ध करायी गयी रू0 2678.22 लाख की धनराशि के सापेक्ष रू0 1797.02 लाख व्यय किए जा चुके हैं।59 ग्राम पंचायतों में से 58 में रिसोर्स रिकवरी सेन्टर निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा एक ग्राम पंचायत में निमार्णाधीन है। डीपीआरओ ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 770 राजस्व ग्रामों को ओडीएफ प्लस हेतु चयनित किया गया है जिनमें से 596 राजस्व ग्रामों की कार्य योजना निदेशालय को प्रेषित की जा चुकी है। गंगा एक्शन प्लान के तहत 34 ग्राम पंचायतों के 64 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष आवंटित रू0 266.23 लाख की धनराशि के सापेक्ष रू0 206.67 लाख व्यय किए जा चुके हैं। जनपद में स्थापित कराए जा रहे 03 प्लास्टिक प्रबंधन इकाईयों में से 02 का निर्माण कार्य पूर्ण तथा 01 यूनिट निमार्णाधीन है। गोवर्धन योजना के तहत निमार्णाधीन गोवर्धन बायोगैस प्लांट के संचालन हेतु आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करायी जा रही है।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ओडीएफ प्लस में शामिल लाभार्थियों का ग्राम पंचायत में खुली बैठक कर सत्यापन करा लिया जाए। ओडीएफ प्लस के तहत चयनित ग्राम पंचायतों में मुख्य रूप से जल भराव को रोकने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का निपटान कराने का कार्य कराया जाना है। इसके लिए रिसोर्स रिकवरी सेन्टर/वेस्ट सेग्रीगेशन शेड, सोक पिट, कम्पोस्ट पिट आदि का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप कराया जाए। कचरा कलेक्शन एवं आरआरसी संचालन हेतु स्वयं सहायता समूहों को चिन्हित करा लिया जाए। उन्होंने डीपीआरओ को निर्देश दिए हैं कि ग्राम पंचायतों में निमार्णाधीन समस्त कार्यों की निगरानी करें और पंचायत स्तर पर लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर तुरन्त कार्यवाही करें।

बैठक में सीडीओ ऋषिराज, सहायक मजिस्ट्रेट राममोहन मीणा, डीडीओ संजय पाण्डेय, पीडी कमलेश कुमार, डीपीआरओ निरीश साहू सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत मौजूद रहे।

# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत घर घर जाकर ली मिट्टी




अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। विकास खंड गंज मुरादाबाद के गांव अवैक और ग्राम पंचायत मटुकरी में आज आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत चलाए जा रहे, 'मेरी माटी मेरा देश अभियान' के अंतर्गत आज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विवेक सिंह पटेल नेतृत्व और ग्राम प्रधान आई आर साहिल के संयोजन में मटुकरी में तथा लल्लू प्रधान के संयोजन में ग्राम पंचायत अवैक में यात्रा निकाली गई और घर घर जाकर हर आंगन से माटी और अक्षत का संग्रह किया गया।

बताते चलें आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत चलाए जा रहे, 'मेरी माटी मेरा देश अभियान' के अंतर्गत हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज क्रमशः ग्राम पंचायत मटुकरी और अवैक में प्रमुख प्रतिनिधि विवेक सिंह पटेल की अध्यक्षता और ग्राम प्रधान आई आर साहिल एवम लल्लू प्रधान के संयोजन में विशाल कलश यात्रा निकाली गई, इससे पूर्व प्राइमरी विद्यालय स्थित शहीदों की स्मृति में बनाए गए शिला फलकम का पूजन कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भाजपा नेता विवेक सिंह पटेल और ग्राम प्रधानों के द्वारा घर घर जाकर हर आंगन से मिट्टी और अक्षत संग्रहीत किया गया। इस कड़ी में विवेक मटुकरी में थल सेना में कार्यरत फौजी इशाक अली के घर जाकर उनके परिजनों से मिले और उनके आंगन की मिट्टी ससम्मान कलश में संग्रह की। इसके साथ ही अवैक में फौजी विनोद और फौजी तोताराम के घर जाकर भी उनके परिवार से भेंट की और उनके यहां की मिट्टी और अक्षत का संग्रहण किया। इसके बाद यात्रा ग्राम पंचायत रानीपुर ग्रंट से होते हुए ग्राम पंचायत आशायस पहुंची। जहां ग्राम प्रधान प्रतिनिधियों क्रमशः यशवंत सिंह और जितेंद्र सिंह द्वारा यात्रा का संयोजन किया गया। यात्रा के दौरान आकाश भारत माता की जय के नारों से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर क्षेत्रीय मंडल अध्यक्ष संदीप सिंह, ज़िला व्यवस्था प्रमुख गिरीश वर्मा, रूपांश पटेल, सूर्या गुप्ता, जितेंद्र प्रधान, मौजी लाल, शैलेंद्र कुमार, नरेश कुमार, भूपिंदर , ओम जी, मोनू पंडित, अभिनेष राठौर, साबित अली, खुरशेद, सत्यपाल राठौर, रमेश कठेरिया सहित कई सैकड़ा लोग उपस्थित रहे।

# बारिश के कारण सड़क धंसी, यातायात हुआ बाधित



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के भडसर नौशहरा उत्मानपुर सडक मार्ग जो कि लगातार हो रही बारिश की चपेट में आकर कट गया है । जिससे आवागमन बंद हो गया है। क्षेत्र के अंतर्गत उतमानपुर से भड़सर नौशहरा जाने वाला सम्पर्क मार्ग देर रात हो रही लगातार बारिश के कारण कट गया है जिसके कारण लोग चक्कर लगाकर अपने गंतव्य तक पहुंच रहे हैं।मार्ग कटने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं छात्रों को भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक को सूचना दी है ।

# आकाशीय बिजली गिरने से 127 भेड़ो की मौत 28 घायल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आकाशीय बिजली गिरने से बड़ा नुकसान हो गया। पूरे परिवार का रो रो होकर बुरा हाल है। ग्रामीण सब ठीक हो जाएगा का ढांढस बंधा रहे हैं। बीती रात आकाशीय बिजली गिरने से 127 भेड़ की मौत हो गई। जबकि 28 के लगभग घायल हो गई है। बातचीत करने पर भेड़ पालक ने यह जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलने पर प्रशासन ने मौके पर लेखपाल को भेजा। लेखपाल ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करने के लिए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को जानकारी दी गई है। डॉक्टर टीम आ रही है। घटना नवाबगंज विकासखंड अजगैन थाना के मुरेरा गांव की है।

भेड़ पालक राजकुमार ने जानकारी दी कि उनके पास लगभग 300 भेड़ थी। जिनके लिए उन्होंने एक बड़ा बनाया था। जिसमें सभी रहती थी। बीती रात हुई बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से 127 भेड़ की मौत हो गई है। जबकि 28 भेड़ झुलस गई है। गंभीर रूप से घायल है। नुकसान के संबंध में उन्होंने बताया कि 12 से 14 लख रुपए का नुकसान हुआ है।

घटना की जानकारी मिलने पर जिला प्रशासन ने लेखपाल को मौके पर भेजा है। जो नुकसान का आकलन कर रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर डॉक्टरों की टीम पोस्टमार्टम के लिए आ रही है। इसके बाद अपनी रिपोर्ट बनाकर प्रशासन को देंगे। भेड़ पालक को मुआवजा दिया जाएगा।

# शिव मंदिर पर आकाशीय बिजली गिरने से मंदिर हुआ क्षतिग्रस्त

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। क्षेत्र के गौरी गांव में बीती रात कड़क के साथ आकाशीय बिजली गिरने से गांव के अंदर बना 200 वर्ष पुराना प्राचीन मंदिर के मुख्य द्वार पर लगे संगमरमर के चीथड़े उड़ गए वहीं मंदिर के अंदर करीब 1 फीट से अधिक विशाल गड्ढा हो गया है इसके साथ ही मंदिर परिसर में लगे बिजली के उपकरण जल गए हैं प्राचीन मंदिर के मुख्य द्वार पर कड़क के साथ बिजली गिरने की वजह से संगमरमर के चीथड़े उड़ गए सुबह मंदिर का पुजारी जब मंदिर गया मंदिर के अंदर का नजारा देख उसके होश उड़ गए पुजारी ने ग्रामीणों को सूचना दी सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भारी संख्या में भीड़ मंदिर परिसर में इकट्ठी हो गई धमाका इतना जोरदार था कि मंदिर का मलबा आसपास के घरों तक जा गिरा। गनीमत यह रही कि बारिश के दौरान कोई ग्रामीण घर से बाहर नहीं था। बिजली गिरने से ग्रामीणों के अधिकतर बिजली उपकरण खराब हो गए हैं। ग्रामीणों कहना है कि जैसे पृथ्वी को संकट से बचाने के लिए भगवान ने कभी समुद्र से निकला विष स्वयं ग्रहण कर लिया था, उसी प्रकार क्षेत्रवासियों के संकट को उन्होंने अपने शीर्ष पर धारण कर लिया। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मंदिर के क्षतिग्रस्त हिस्से का निरीक्षण कर पुनर्निर्माण की मांग उठाई है, ताकि भविष्य में किसी तरह की अनहोनी न हो।

# अधिवक्ता ने हाईकोर्ट से गौशालाओं में गौवशों को प्रतिदिन सौ रुपए भरण पोषण की दोबारा मांग की

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित प्रदेश की गौशालाओं में सरकार द्वारा प्रतिदिन गाय के भरण पोषण के लिए दी जाने वाली धनराशि 30 रुपये से बढ़कर 50 रुपये करने की घोषणा को कम मानते हुए इसे बढ़ाकर कम से कम 100 रुपये किए जाने की मांग फारूक अहमद एडवोकेट ने लीगल नोटिस भेज कर मुख्य सचिव से की है। उन्होंने नोटिस में यह भी कहा है कि यदि उक्त धनराशि नहीं बढ़ाई गई तो वह एक माह में उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ में जनहित याचिका करने के लिए बाध्य होंगे।

मालूम हो की तहसील क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर आंबापारा (कुर्मिन खेड़ा) निवासी उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ के वरिष्ठ अधिवक्ता तथा यश भारती सम्मान से सम्मानित प्रमुख समाजसेवी फारूक अहमद एडवोकेट ने 19 जुलाई 2023 को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर गौशालाओं में संरक्षित गोवंशों को दी जाने वाली धनराशि 30 रुपये से बढ़कर 100 रुपये करने की मांग की थी। पत्र की प्रतिलिपि मुख्य सचिव सहित संबंधित उच्च अधिकारियों को भी भेजी गई थी। उसके बाद पुनः 5 सितंबर 2023 को मुख्य सचिव को पत्र लिखकर उक्त धनराशि बढ़ाये जाने की मांग की गई थी। जिसकी प्रतिलिपि प्रमुख सचिव सहित संबंधित उच्च अधिकारियों को भी भेजी गई थी। फारूक अहमद एडवोकेट द्वारा भेजे गए पत्रों पर विचार करते हुए सरकार द्वारा गोवंशों के भरण पोषण के लिए दी जाने वाली धनराशि 30 रुपये से बढ़कर 50 रुपये की घोषणा समाचार पत्रों में की गई है। फारूक अहमद एडवोकेट ने 50 रुपये की धनराशि को भी कम मानते हुए मुख्य सचिव को आज लीगल नोटिस भेज कर उक्त धनराशि 100 रुपये किये जाने की मांग की है। साथ ही लीगल नोटिस में यह भी कहा गया है कि यदि उक्त धनराशि 100 रुपये नहीं की गई तो वह एक माह में उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ में जनहित याचिका दायर करने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश सरकार की होगी। पत्र की प्रतिलिपि संबंधित उच्च अधिकारियों को भी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई है।

# आधा दर्जन प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयो में भरा पानी, बच्चो की पढ़ाई हो रही बाधित

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के विकासखंड सुमेरपुर के अन्तर्गत करीब आधा दर्जन प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयो में रविवार रात बारिश होने की वजह से जलभराव हो गया है। जहाँ सरकार एक तरफ विद्यालयो का कायाकल्प करने में जुटी है वही दूसरी तरफ ग्राम सभा प्रधान व जिम्मेदार बिल्कुल लापरवाही बरत रहे। ग्राम सभा भदेवरा मे बने उच्च प्राथमिक स्कूल में करीब 2 फुट पानी भरा है। स्कूल के कमरों में दरार दिख रही है। कमरों की छत जर्जर है। उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट डौडियाखेड़ा में तो स्कूल झील बन गया है। आने जाने का कोई रास्ता नही बचा। प्राथमिक विद्यालय कोरवा के जाने वाले रास्ते मे जलभराव के कारण मुख्य रास्ता कट गया है चारो तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। यही हाल प्राथमिक विद्यालय अहिरौरा का है । सभी तरफ पानी ही पानी दिख रहा है। स्कूल तो शिक्षा के मंदिर माने जाते है। नौनिहालों के जीवन की शुरूवात इन्ही विद्यालयो से होती है। कुछ दिन पूर्व मुनऊखेडा उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चो द्वारा की गई शिकायत को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। लेकिन शासन द्वारा गंभीरता से नही लिया गया।

# अपना दल एस की हुई मासिक बैठक

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। अपना दल एस जनपद उन्नाव की विधानसभा बांगरमऊ की मासिक बैठक हरदोई रोड स्थित हरित लोक ढाबा के निकट विधानसभा कैंप कार्यालय पर समय लगभग 2 बजे आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष विकास पटेल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष अमरेश पटेल उपस्थित रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जी ने सभी प्रमुख पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव को देखते हुए जोन के अध्यक्षों से मिलकर जो शेष बचे हुए सेक्टर हैं उनको अभिलंब पूर्ण करा लें तथा बूथ कमेटियां भी गठित कराते चलें। विधानसभा अध्यक्ष जी ने कहा कि सभी कार्यकताओं से अनुरोध करते हुए कहा है कि बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा दल की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष डॉ राजेश पाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला सचिव दुर्गा प्रसाद शर्मा, नगर अध्यक्ष कौशल गुप्ता, जिला कार्यकारिणी सदस्य बेचेलाल दिवाकर, जोन अध्यक्ष विनोद कटियार, जगन्नाथ प्रजापति, सेक्टर अध्यक्ष शैलेंद्र कटियार, सूरज बली गौतम, रामनारायण राठौर, कुंवर पाल आर्य, गौरीशंकर प्रजापति, श्रीपाल गौतम आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जल जीवन मिशन कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद में पेयजल समस्या को लेकर जिला अधिकारी श्रुति शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न की बैठक की अध्यक्षता कर रही जिलाधिकारी ने समूचे जनपद में जगह-जगह जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित की जा रही पानी की टंकी तथा पाइपलाइन बिछाने के कार्य की प्रगति आख्या का निरीक्षण करते हुए विस्तृत समीक्षा की इस कार्य में लगी कार्यदायी संस्था को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पानी टंकी का निर्माण तथा पाइपलाइन बिछाने का कार्य गुणवत्ता पूर्वक जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए जिससे पेयजल समस्या से आम जनमानस को निजात मिले वही संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे कार्यों पर निगरानी रखने के लिए अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया इस मौके पर जिलाधिकारी के साथ बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंद्रोल जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र राज सिंह अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण सौमित्र श्रीवास्तव समेत सभी कार्यदाई संस्था के जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहे

# हर घर जल योजना का किया गया शुभारंभ



अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। विकासखंड सिकंदरपुर करण पंचायत के जालिम खेड़ा गांव पोनी व बाबुरिया में प्रधानमंत्री योजना नमामि गंगे परियोजना के तहत हर घर जल योजना का हुआ उद्घाटन। मौके पर पहुंचे अधिकारी रामचंद्र शुक्ला जेई जल विभाग व ज्योति प्रकाश जीम व ग्राम प्रधान मनोज कुमार व ग्रामवासियों के द्वारा पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर इस कार्य का शुभारंभ किया गया। जिसके बाद जेसीबी के जरिए भूमिगत पाइपलाइन डालने का काम भी शुरू किया गया।

# विद्युत करंट की चपेट से युवक की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के जोगीकोट गांव में रविवार देर रात विद्युत पोल में उतरे करंट से युवक की मौत हो गई।

जोगीकोट गांव निवासी 25 वर्षीय आशीष प्लाट पर कूड़ा डालकर लौट रहा था। रास्ते में लग रहे विद्युत पोल में करंट आ रहा था, जिसकी चपेट में आशीष आ गया और पोल से चिपक गया। युवक को देख अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने बमुश्किल उसे खंभे से अलग किया। स्वजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, वहां युवक को मृत धोषित कर दिया गया। स्वजन ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है की इससे पूर्व भी कई घटनाएं घट चुकी है।लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारियों ने सुध नहीं ली। बेहटा मुजावर थाना प्रभारी का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं। बताते चलें की बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के जोगिकोट गांव निवासी 25 वर्षीय आशीष पुत्र राम प्रकाश देर रात लगभग 8:00 बजे के करीब हुई जब कूड़ा डालकर वापस घर लौट रहा था इसी दौरान विद्युत पोल में आ रहे करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई।

# संदिग्ध परिस्थितियों में कई मवेशियों की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र एक गाँव सरहा मे कई मवेशियों की संदिग्ध मौत पर पुलिस ने सूचना पर दो मवेशियों का पोस्टमार्टम कराया।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

सरहा गाँव के पास खेतों में संदिग्ध अवस्था में कई मवेशियों के मृत पड़े होने की चर्चा पर वहाँ भीड़ लगी रही। मवेशियों के मरने के मामले में सूचना पर दरोगा अमर सिंह ने बताया कि गाँव के लोगों ने बताया कि दो मवेशियों की मौत हो गयी। सूचना पर पशु चिकित्साधिकारी डॉ० सुशील कुमार ने पोस्टमार्टम किया।? गोवंश के जिलाध्यक्ष नीरज सिंह ने बताया कि पुलिस दो मवेशियों की मौत की पुष्टि कर रही है, वहीं ग्रामीण कई की बात कर रहे हैं। यदि दो से अधिक हुए तो उनका भी पोस्टमार्टम कराया जाएगा। यदि कोई दोषी हुआ तो कार्यवाही कराई जाएगी।

## चिंतन

# अल नीनो के प्रभाव को गंभीरता से लेना जरूरी

मौसम का रौद्र रूप खाद्य आपूर्ति को प्रभावित कर रहा है। अत्यधिक मौसमी बारिश के चलते नदियों व गहरे इलाकों में आई बेकाबू बाढ़ ने जहां जन जीवन को अस्तव्यस्त किया है, वहीं फल-सब्जियों की उपलब्धता व आपूर्ति चेन पर ग्रहण लगाया है। इन सबका नतीजा है कि सब्जियां महंगी हो गई हैं, टमाटर, अदरख, लहसुन समेत सभी सब्जियों की कीमतें बढ़ीं। महंगी दर के चलते सरकार को सब्सिडी देकर टमाटर की बिक्री सस्ते में करनी पड़ रही है, हालांकि यह बचकाना फैसला है, कारण टमाटर चावल, गेहूं, दाल, नमक चीनी जैसे महत्वपूर्ण खाद्यान्न नहीं है, जिस पर सरकारी धन सब्सिडी के तौर पर खर्च किए जाएं। सरकार ने तीन लाख टन का प्याज का बफर स्टॉक भी किया है, ताकि बुरे वक्त में आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। फल-सब्जियों पर ही मौसम की मार नहीं पड़ रही है, अनाज पर भी पड़ रही है। आज चिंता की बात है कि आखिर मौसम इतना भीषण रूप क्यों अख्तियार कर रहा है? इस साल गेहूं और वैश्विक खाद्य आपूर्ति पर अल नीनो का प्रभाव भी पड़ना शुरू हो गया है। 'वर्ल्ड मेट्रोलॉजिकल ऑर्गेनाइजेशन' (डब्ल्यूएमओ) ने सात वर्षों में पहले अल नीनो प्रभाव की शुरूआत होने की घोषणा की है। उसने यह पूर्वानुमान किया है कि प्रशांत महासागर के सतह के गर्म होने से उत्पन्न मौसमी दशा अल नीनो का प्रभाव 2023 में बना रहेगा। अल नीनो के कारण ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया और इंडोनेशिया में गर्म और सूखे मौसम की संभावना बढ़ जाती है, जिससे जंगलों में आग लगने और अकाल पड़ने का खतरा बढ़ जाता है। पेरू और इक्वाडोर में अतिवृष्टि की संभावना होती है जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है। मानव जनित कारणों से हो रहे जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर इन प्रभावों को 'न्यू नॉर्मल' की झलक माना जा रहा है। जैसे वायरस का खतरा न्यू नॉर्मल है, वैसे हमें मौसम के खतरनाक रूप के लिए तैयार रहना होगा। इस मौसमी परिवर्तन का कृषि उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव और उसके कारण खाद्यान्न की कीमतों में वृद्धि चिंता का विषय है। खास तौर से गेहूं, मक्का और धान के उत्पादन पर इसका प्रभाव चिंताजनक है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक करीब तीन अरब लोग खाद्यान्न संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में अगर अल नीनो प्रभाव के चलते खाद्यान्न उत्पादन प्रभावित होगा तो भुखमरी से लड़ना मुश्किल होगा। दुनिया पर अल नीनो का प्रभाव कई रूप में पड़ रहा है। गरीब और ग्रामीण परिवारों पर खतरा ज्यादा है, क्योंकि उनका भविष्य पूरी तरह से कृषि पर आधारित है। अल नीनो प्रभाव के चलते वैश्विक खाद्यान्न आपूर्ति और उसकी कीमतों के बहुत ज्यादा प्रभावित होने की आशंका है। पिछले पांच दशकों में 10 अल नीनो प्रभावों का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि वैश्विक रूप से कीमतें प्रभावित हुई हैं। अल नीनो के प्रभाव के कारण औसत खाद्यान्न उत्पादन प्रभावित हुआ है। 'मध्यम स्तर' के अल नीनो का विशेष भौगोलिक क्षेत्र में ऊपज पर असर हो सकता है। कुछ जगहों पर खाद्यान्नों की उपलब्धता और कीमतों पर अल नीनो के प्रभाव का बहुत गंभीर असर हो सकता है और वहां भुखमरी और मानवीय संकट पैदा हो सकते हैं।'संयुक्त राष्ट्र खाद्यान्न मूल्य सूचकांक' के आंकड़ों के अनुसार, अल नीनो प्रभाव और दुनिया में खाद्यान्न की कीमतों के बीच सीधा संबंध है। हमें क्लाइमेंट चेंज, बढ़ रहे तापमान, ग्लोबल वार्मिंग के चलते ग्लेशियर का पिघलना, अल नीनो प्रभाव आदि के प्रति समय से सचेत होना होगा और पर्यावरण की रक्षा को राष्ट्रीय व ग्लोबल एजेंडा बनाना होगा व हरित विकास की अवधारणा पर आगे बढ़ना होगा।

## सारा संसार



भुवनेश्वर में 650 ई. में निर्मित यह मंदिर उड़िया शैली की स्थापत्य कला का अनूठा नमूना है। परशुरामेश्वर मंदिर 7वीं और 8वीं शताब्दी के बीच शैलोद्भव काल में बनाया गया है। इस मंदिर की सबसे खास विशेषता परिसर के उत्तर-पश्चिम कोने में एक हजार लिंगों की उपस्थिति है।

## अमावस्या

डॉ. मोनिका शर्मा



# हरियाली के संरक्षण की रीत

दरकते पहाड़ हों या डूबते शहर, प्रकृति के साथ खिलवाड़ का ही नतीजा हैं। भारत ही नहीं वैश्विक स्तर पर भी कहीं अतिवृष्टि के चलते जल प्रलय की स्थितियां हैं तो कहीं सूखा। अपनी जरूरतों ही नहीं अंतहीन इच्छाओं की पूर्ति के लिए धरती के रंग छीनने में लगा इंसान यह भूल ही गया है प्रकृति को कुछ लौटाना भी होता है। पृथ्वी के रंग सहेजने के प्रयास भी जरूरी हैं। इस मोर्चे पर हालिया बरसों में हमारे यहां भी बदलती जीवनशैली के नाम पर उन सभी परम्पराओं के दूरी बना ली गई, जो प्रकृति पोषक हैं। ऐसी हर रीत भुला दी गई जो जमीनी जीवनशैली अपनाने के विचार को बल देती हो,जबकि ऐसी परंपराएं धरती के आंगन को हराभरा रखने के भाव को आस्था से जोड़ते हुए इंसान का अस्तित्व बचाने के लिए जरूरी हो चली हैं। श्रावण का महीना तो हरियाली को पोसने का ही संदेश देता है। विशेषकर हरियाली अमावस्या का दिन भारतीय जीवन मूल्यों में वृक्षारोपण करने की प्रथा को समर्पित है। ज्ञात हो कि हरियाली अमावस्या के दिन पौधरोपण के साथ पेड़-पौधों के पूजन की भी परंपरा रही है। इतना ही नहीं यह दिन खेती किसानी से जोड़कर भी देखा जाता है। यही वजह है कि प्रकृति को पालनकर्ता के रूप में पूजने वाली हमारी सांस्कृतिक मान्यताओं में हरियाली रोपने और धरती के रंग सहेजने को समर्पित यह दिन जो खास संदेश लिए है, आज और प्रासंगिक हो चला है। हर मोर्चे पर प्रकृति का प्रकोप झेल रहे लोगों को ऐसे परम्परागत मूल्य चेताते हैं कि प्रकृति को संरक्षित किए बिना मानव जीवन भी सुरक्षित नहीं है। इतना ही नहीं प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण का महत्व समझाने वाला हरियाली अमावस्या का यह दिन साझा जीवन जीने का भी संदेश देता है, जिसका सीधा सा अर्थ यह है कि इस धरती पर दूसरे जीवों का भी उतना ही अधिकार है, जितना की मनुष्यों का। बावजूद इसके कहीं नदियों के रास्ते रोके जा रहे हैं तो कहीं पहाड़ों को काटने का काम जारी है। वृक्षों की कटाई से खत्म होते जंगल तो चिंतनीय स्थिति को सामने रखते हैं। प्राकृतिक परिवेश को पहुंचाई जा रही हानि कई जीव-जंतुओं और वनस्पतियों के लुप्त होने का कारण बन रही है। जो पेड़-पौधे अनगिनत पशु-पक्षियों का जीवन पोसते हैं, उनकी अंधाधुंध कटाई वाकई दुखद है। नए वृक्ष लगाने और बचाने की सोच तो नदारद ही है। इन हालात में बहुत सी मानवीय गतिविधियां पर्यावरण के लिए ही नहीं, धरती की गोद में पलने वाले दूसरे जीव जंतुओं के लिए भी मुसीबत बन गई हैं। दुखद है कि आज जल, जंगल और जमीन, प्रकृति के तीनों ही हिस्से प्रदूषण और अति मानवीय हस्तक्षेप के घेरे में हैं, जिसके चलते संपूर्ण पारिस्थितिकीय तंत्र असंतुलन का शिकार हो गया है।



स्वास्थ्य

रंजना मिश्रा

# प्रतिरक्षा प्रणाली का विकार जीबी सिंड्रोम


**गुइलेन-बैरे सिंड्रोम एक दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल विकार है। पेरू में इन दिनों इस बीमारी से पीड़ित मरीजों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। पेरू में 90 दिनों का राष्ट्रीय आपातकाल लगा दिया गया है और इस बीमारी के इलाज के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। इन दिनों में वहां के स्वास्थ्य तंत्र को बेहतर बनाने का तथा अपने अध्ययनों और शोधों के द्वारा इस बीमारी का बेहतर इलाज ढूंढने का प्रयत्न किया जाएगा। हालांकि अभी तक इसका कोई सटीक इलाज नहीं पता चला है, लेकिन इलाज की दो विधियां बीमारी को बढ़ने से रोकने में मददगार साबित हुई हैं- प्लास्मफेरेसिस और इम्युनोग्लोबुलिन थेरेपी।**

दक्षिण अमेरिका के देश पेरू में एक बीमारी से पीड़ित मरीजों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है। ये संख्या इतनी बढ़ गई है कि वहां पर राष्ट्रीय आपातकाल लगाना पड़ गया है। जब किसी देश में कोई बीमारी राष्ट्रीय आपात की वजह बन जाती है तो वह पूरे विश्व के लिए एक चिंता का विषय होता है। इस बीमारी का नाम है गुइलेन-बैरे सिंड्रोम या जीबी सिंड्रोम। गुइलेन-बैरे सिंड्रोम एक दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल विकार है।

पेरू में 90 दिनों का राष्ट्रीय आपातकाल लगा दिया गया है और इस बीमारी के इलाज के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। इन दिनों में वहां के स्वास्थ्य तंत्र को बेहतर बनाने का तथा अपने अध्ययनों और शोधों के द्वारा इस बीमारी का बेहतर इलाज ढूंढने का प्रयत्न किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, गुइलेन बैरे सिंड्रोम प्रतिरक्षा प्रणाली पर सीधा असर डालता है और यह प्रतिरक्षा प्रणाली से जुड़ा एक दुर्लभ ऑटोइम्यून विकार है।

यह बीमारी कोई नई नहीं है, इसकी चर्चा पहले भी हो चुकी है। अभी पेरू में इसके मरीजों की संख्या बढ़ने की वजह से यह हाल में अधिक चर्चा में है। इसके मामले अमेरिका तथा अन्य जगहों पर भी देखने को मिले हैं। इस विकार में शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली ही स्वस्थ तंत्रिकाओं (नर्व्स) पर हमला करने लगती है। इस प्रकार का विकार होने पर व्यक्ति की मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं, सुन्न होने लगती हैं और उनमें दर्द व झनझनाहट होने लगती है। इसकी गंभीर स्थिति हो जाने पर जीवन के लिए भी खतरा पैदा हो सकता है। इस विकार से ग्रस्त अधिकांश लोग ठीक हो सकते हैं, लेकिन उनके इलाज में लगने वाला समय भिन्न-भिन्न होता है। इसकी पहचान के कोई विशेष कारण न होने के कारण, इसे बीमारी की जगह एक सिंड्रोम कहा जाना ज्यादा उचित है। इस प्रकार का विकार होने पर सबसे पहले कमजोरी का अनुभव होता है, हाथ-पैर सुन्न होने लगते हैं और उनमें झनझनाहट होना शुरू हो जाती है। मरीज के शरीर में अकड़न होने लगती है और ब्लड प्रेशर की समस्या पैदा हो जाती है। इसमें नसें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। ऐसी स्थिति में मांसपेशियां मस्तिष्क से प्राप्त संकेतों का जवाब नहीं दे पातीं। इसी वजह से यह विकार होने पर व्यक्ति के अंग ठीक से काम नहीं कर पाते। इस विकार से ग्रस्त मरीज को सांस लेने, चलने तथा सीढ़ी चढ़ने में भी कठिनाई होती है। ऐसी स्थिति में उंगलियों, टखनों या कलाई में चुभन महसूस होती है। बोलने, चबाने और निगलने में भी परेशानी होती है। पाचन से जुड़ी समस्याएं पैदा हो जाती हैं और व्यक्ति का ब्लैडर पर से कंट्रोल कम होने लगता है। इसमें रोगी के दिल की धड़कन भी बढ़ सकती है। शरीर में इस विकार की गंभीर अवस्था तक पहुंच जाने पर पक्षाघात होने का खतरा रहता है।

ज्यादातर यह समस्या अधिक उम्र के लोगों यानी वयस्कों और वृद्धों तथा कमजोर प्रतिरक्षा तंत्र वाले लोगों में देखी जाती है। यह विकार अधिकतर डायरिया, सांस से जुड़ी बीमारी, सर्जरी, आघात तथा टीकाकरण के बाद



पैदा होता है। हाल ही में कोविड-19 के टीकों के बाद भी इसके कई मामले सामने आए थे। एनल्स ऑफ न्यूरोलॉजी में प्रकाशित हुए एक अध्ययन के अनुसार, भारत में कोविड-19 की वैक्सीन लेने के बाद इस बीमारी के लगभग सात मामले सामने आए थे। दरअसल इन सभी लोगों ने कोविशील्ड वैक्सीन की पहली डोज लगवाई थी, जिसके बाद 10 से 22 दिनों के अंतराल में उनमें जीबी सिंड्रोम के लक्षण उभरने लगे थे।

ताइवान में भी कोविड-19 वैक्सीन लेने के दो सप्ताह के भीतर ही 39 लोगों में इस विकार के लक्षण पाए गए थे। इसी प्रकार जर्नल क्लिनिक्स में एक अन्य अध्ययन प्रकाशित हुआ था, जिसके अनुसार, एस्ट्राजेनेका, फाइजर और जॉनसन एंड जॉनसन की वैक्सीन लेने के बाद लगभग 19 लोग इस सिंड्रोम से पीड़ित हुए थे। अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन ने भी इसकी पुष्टि की थी।

साल 1976-77 में अमेरिका के न्यूजर्सी में इन्फ्लूएंजा टीकाकरण अभियान के बाद भी जीएस सिंड्रोम के मामले सामने आए थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, मौसमी इन्फ्लुएंजा और दाद से बचाव के टीकों के बाद भी कुछ लोगों में इस विकार को पनपते देखा गया है, लेकिन अभी तक ये स्पष्ट नहीं हो पाया है कि क्या टीके वास्तव में जीबीएस का कारण बनते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, गुइलेन-बैरे सिंड्रोम अक्सर संक्रमण के बाद होता है। ये संक्रमण बैक्टीरियल या वायरल हो सकता है। इसके अतिरिक्त जीका वायरस के संक्रमण के बाद भी इस तरह के कुछ मामले सामने आए थे।

अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर एंड स्ट्रोक के अनुसार, यह एक दुर्लभ विकार है। यह विकार वंशानुगत नहीं होता और न ही यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है। इस सिंड्रोम को शरीर में पनपने से रोकने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता का मजबूत होना जरूरी है। इसके लिए नियमित और संतुलित आहार लेना चाहिए। साथ ही व्यायाम, योग और ध्यान करना चाहिए। इसके अलावा सभी संभावित उपायों द्वारा रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने पर जोर देना चाहिए। इस सिंड्रोम से पीड़ित होने पर सबसे पहले व्यक्ति में दिखाई देने वाले लक्षणों का इलाज किया जाता है। जैसे सांस लेने में दिक्कत होने पर वेंटिलेटर की मदद ली जाती है। हालांकि अभी तक इस विकार का कोई सटीक इलाज नहीं पता चला है, लेकिन दो विशेष प्रकार की इलाज की विधियां इस बीमारी को बढ़ने से रोकने में मददगार साबित हुई हैं, जिनका नाम है- प्लास्मफेरेसिस और इम्युनोग्लोबुलिन थेरेपी (आईवीआईजी)।

प्लास्मफेरेसिस की प्रक्रिया में प्लाज्मा से लाल और सफेद रक्त कोशिकाओं को अलग कर दिया जाता है और फिर उन्हें शरीर में वापस लौटा दिया जाता है। दरअसल इलाज की इस प्रक्रिया के तहत रोगी के शरीर के प्लाज्मा से उन एंटीबॉडीज को अलग किया जाता है, जो नसों पर हमला कर रही होती हैं और रक्त को वापस शरीर में चढ़ा दिया जाता है। इम्युनोग्लोबुलिन थेरेपी के तहत नर्व्स यानी स्वस्थ तंत्रिकाओं को नुकसान पहुंचाने वाली एंटीबॉडीज को न्यूट्रलाइज कर दिया जाता है। दरअसल इम्युनोग्लोबुलिन मनुष्य के रक्त का ही एक हिस्सा होता है, जो इस थेरेपी में फायदेमंद साबित होता है। हालांकि इलाज की इन दोनों विधियों में प्रत्येक मरीज के इलाज में लगने वाला समय, उस मरीज की शारीरिक अवस्था के अनुसार अलग-अलग हो सकता है। किसी के इलाज में कुछ हफ्ते लग सकते हैं तो किसी के इलाज में कई वर्ष भी लग जाते हैं।

# सजगता से दूर होती है चिंता



संकलित

दर्शन

जब तुम चिंता का अनुभव करो, बहुत चिंताग्रस्त हो जाओ, तब इस विधि का प्रयोग करो। इसके लिए क्या करना होगा? जब साधारणतः तुम्हें चिंता घेरती है, तब तुम क्या करते हो? तुम उसका हल ढूंढ़ते हो। उसके उपाय खोजते हो। लेकिन ऐसा करके तुम और भी चिंताग्रस्त हो जाते हो। तुम उपद्रव को बढ़ा लेते हो, क्योंकि विचार से चिंता का समाधान नहीं हो सकता है। विचार के द्वारा चिंता का विसर्जन नहीं हो सकता है, क्योंकि विचार स्वयं एक तरह की चिंता है। यह विधि बहुत आसान है। यह कहती है कि चिंता के साथ कुछ मत करो। सिर्फ सजग हो जाओ। मैं तुम्हें एक दूसरे जेन गुरु बोकोजू के संबंध में एक पुरानी कहानी सुनाता हूं। वह एक गुफा में अकेले रहते थे, बिल्कुल अकेले। लेकिन दिन में या कभी-कभी रात में भी वह जोरों से कहता थे, 'बोकोजू'। यह उनका अपना नाम था। और फिर वह खुद कहते, 'हां महोदय, मैं मौजूद हूं।' जबकि वहां कोई दूसरा नहीं होता था। उनके शिष्य उससे पूछते थे, 'क्यों आप अपना ही नाम पुकारते हैं और फिर खुद कहते हैं, हां, मैं उपस्थित हूं?' बोकोजू ने कहा, 'जब भी मैं विचार में डूबने लगता हूं तो मुझे सजग होना पड़ता है। इसीलिए मैं अपना नाम पुकारता हूं। जिस क्षण मैं बोकोजू कहता हूं और कहता हूं कि हां महाशय, मैं मौजूद हूं, उसी क्षण विचारणा, चिंता विलीन हो जाती है।' फिर अपने अंतिम दिनों में, आखिरी दो-तीन वर्षों में उन्होंने कभी अपना नाम नहीं पुकारा और न ही यह कहा कि हां, मैं मौजूद हूं।

# कोयल- अपनी वाणी को मधुर बना लेना



संकलित

प्रेरणा

एक बार वसंत ऋतु में एक कोयल वृक्ष पर बैठी कूक रही थी। आते-जाते लोग उसकी कूक को सुनते और उसकी सुरीली आवाज का आनंद लेते हुए उसकी तारीफ के पुल बांधते। कुछ देर बाद कोयल के सामने एक कौआ तेज गति से आया। कोयल ने उससे पूछाः इतनी तेज गति से कहां जा रहे हो? कुछ देर बैठो, बातें करते हैं। कौए ने उत्तर दियाः कि वह जरा जल्दी में है और देश को छोड़कर परदेस जा रहा है। कोयल ने इसका कारण पूछा तो कौआ बोलाः यहां के लोग बहुत खराब हैं। सब तुम्हें ही चाहते हैं। सभी लोग सिर्फ तुम्हारा आदर करते हैं। वह यही चाहते हैं कि तुम हमेशा की तरह इसी प्रकार से उनके क्षेत्र में गाती रहो। वहीं जहां तक मेरी बात है तो मुझे कोई देखना तक नहीं चाहता। यहां तक कि मैं किसी की मुंडेर पर बैठता हूं तो मुझे कंकड़ मारकर वहां से भगा दिया जाता है। मेरी आवाज भी कोई नहीं सुनना चाहता। जहां मेरा अपमान हो, मैं ऐसे स्थान पर एक क्षण भी नहीं रहना चाहता। ज्ञानियों ने भी हमें यही शिक्षा दी है कि अपमान की जगह पर नहीं रहना चाहिए। यह सुनकर कोयल बोली, परदेस जाना चाहते हो तो बड़े शौक से जाओ। यह पूरी तरह से तुम्हारी इच्छा पर निर्भर है। लेकिन एक बात का सदैव ध्यान रखना कि वहां जाने से पहले अपनी आवाज को बदल लेना। अपनी वाणी को मधुर बना लेना। यदि तुम्हारी वाणी ठीक वैसी ही कठोर रही, जैसी यहां पर है तो परदेस में भी लोग तुम्हारे साथ वही व्यवहार करेंगे जो अभी हो रहा है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### चांद की ओर बढ़ते भारत के कदम

हमारे देश के मिसाइलमैन पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम ने एक नाकामयाब अंतरिक्ष मिशन का उदाहरण देते हुए कहा था कि कैसे उनका रॉकेट पागल होकर ऑर्बिटर में जाने की जगह कहीं और पहुंच गया था। ऐसा उदाहरण उन्होंने शायद इसलिए दिया था कि उन्होंने भी अंतरिक्ष अभियानों में असफलता का सामना किया था और वो शायद यह भी मानते थे कि अंतरिक्ष अभियानों में सफलता किसी दुर्लभ सपने के पूरा होने जैसी होती है। चंद्रयान अभियान कोई बच्चों का खेल तो है नहीं जिसे आसानी से खेला जाए। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के तेजी से आसमान की ओर बढ़ते कदमों और चांद को छूने के प्रयासों को देखकर सारी दुनिया दांतों तले अंगुली दबा रही होगी। भारत के लिए गर्व की बात है कि इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन शुरू किया है। *- संजय जैन, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# दक्षिण कोरिया में बारिश से बाढ़ और भूस्खलन

दक्षिण कोरिया में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से भारी तबाही मची है। बचावकर्मियों ने बाढ़ के पानी से भरी सुरंग से सात शव निकाले हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बारिश के कारण हुए हादसों में 33 लोगों की जान गई है और हजारों लोगों को अपने घर-बार छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा है। शहर के अग्निशमन विभाग के प्रमुख सेओ जेयोंग-इल ने संवाददाताओं को बताया कि गोताखोरों सहित लगभग 400 बचावकर्मी चेओंगजू शहर स्थित सुरंग में बचाव अभियान चला रहे हैं। इस सुरंग में शनिवार शाम अचानक आई बाढ़ में बस और कई वाहन फंस गए थे।



## ऑफ बीट

# कवक मानव मस्तिष्क को संक्रमित कर सकता है

मानव जाति के इतिहास के अधिकांश भाग में, फंगल संक्रमण कभी भी मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा नहीं था। इसका मुख्य कारण यह है कि अधिकांश कवक 37 डिग्री सेल्सियस के गर्म मानव शरीर के तापमान में जीवित नहीं रह सकते हैं। हालाँकि, जलवायु परिवर्तन और अन्य पर्यावरणीय दबावों के कारण कवक की ऐसी प्रजातियाँ सामने आई हैं जो मानव शरीर के तापमान पर जीवित रहने में सक्षम हैं। फिर भी, हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली फंगल संक्रमण से लड़ने में काफी सक्षम है। उदाहरण के लिए, हमारा शरीर स्थानीयकृत अम्लीय वातावरण बना सकता है, सूक्ष्म पोषक तत्वों की उपलब्धता सीमित कर सकता है और रोगाणुरोधी सामग्री उत्पन्न कर सकता है।



## ट्रेंड

### गंभीर ऋण संकट

लगभग 40% विकासशील विश्व गंभीर ऋण संकट में है। यह हमारी पुरानी वैश्विक वित्तीय प्रणाली में बनी असमानता का एक परिणाम है। इस उभरते ऋण संकट पर हमारी रिपोर्ट वैश्विक वित्तीय स्थिरता के लिए एक रोडमैप प्रस्तुत करती है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव



### हरेला पर्व की शुभकामना

वृक्ष नदी झील प्राकृतिक घटक ही पर्वतीय क्षेत्रों में सामाजिक व आध्यात्मिक उन्नति के स्त्रोत हैं। अतः हरितिमा से धरा को श्रृंगारित करना उत्तराखंड की मूल आत्मा की अभिरक्षा करने जैसा है। लोक आस्था के पर्व हरेला की हार्दिक शुभकामनाएं !

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु



### गर्व का क्षण

ऐसे कई लोग होंगे जो सवाल करेंगे कि हम अंतरिक्ष कार्यक्रम पर पैसा क्यों खर्च कर रहे हैं। उत्तर है जब हम सितारों तक पहुंचते हैं तो यह हमें अपनी प्रौद्योगिकी पर गर्व से भर देता है। यह सचमुच हमें सितारों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करता है।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति



### मेडल महिलाओं को समर्पित

आप सभी के बधाई के संदेश मुझ तक पहुंच रहे हैं इस पल पर बहुत भावुक हूं। आप सभी का शुक्रिया। यह मेडल सिर्फ़ मेरा नहीं है। सब आप सभी का मेडल है। मैं इस मेडल को दुनिया की उन महिलाओं को समर्पित करती हूं जो महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के ख़िलाफ़संघर्षरत हैं। जय हिन्द

-संगीता फोगाट, रेसलर



## संक्षेप

### तीन दिनों से हो रही बारिश से सब्जियों को नुकसान

#### किसानों के खेत में भरा पानी, बढ़ सकते हैं सब्जियों के दाम

मिल्कीपुर, मिल्कीपुर में गुरुवार दोपहर बाद से हो रही लगातार बरसात से सब्जियों की फसल को काफी नुकसान हुआ है। अरबी, नेनुआ, तरोई, लौकी, कद्दू, मूली, पालक, धनिया, लोबिया, मिर्चा आदि कम पानी वाली सब्जियों की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। इससे अब सब्जियों के दामों में भी तेजी आने की संभावना बढ़ गई है। बारिश से पिछैती धान वालों को फायदा हुआ है, लेकिन जिस धान में बालियां निकल आई थी, तेज हवा के चलते वह बर्बाद हो गई है। बारिश का सबसे ज्यादा असर सब्जी की फसलों पर पड़ा है। मिल्कीपुर क्षेत्र के सब्जी बेल्ट सिधौना, बाराईपारा, जोरियम, मुगीशपुर, नदौली, इनायतनगर, खडबड़िया, अलीपुर खजुरी, कुचेरा क्षेत्र में किसानों द्वारा उगाई गई अरबी, नेनुआ, तरोई, लौकी, कद्दू, मूली, पालक, धनिया आदि कम पानी वाली सब्जियों की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। किसान रामकुमार मौर्या ने बताया कि उनके द्वारा खेत में एक बीघा नेनुआ और एक बीघा खेत में तोरई के फसल की बोआई की गई है। बरसात के चलते खेत की नालियों में जलभराव होने से तना व फूल गिर रहे हैं, पौधे सूख रहे हैं। किसान वेद प्रकाश ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व उनके द्वारा एक बीघा खेत में फूलगोभी और 2 बीघा खेत में पत्ता गोभी की रोपाई के लिए 3000 रूपए खर्च कर नर्सरी डाली गई थी। लेकिन मूसलाधार बारिश से खेत में पानी भरने से सब नष्ट हो गया हैरिंग्टनगंज निवासी रमेश कुमार ने बताया कि खेत में पानी भर जाने से दो बीघा खेत में बोई गई लौकी की फसल खराब हो गई है।

### बरेली में पिछले 24 घन्टे से बारिश, पारा गिरा

#### उमस भरी गर्मी से मिली राहत, अगले 24 घंटों में 5 एमएम बारिश का अनुमान

बरेली, बरेली में रात में रुक-रुक कर बूंदाबांदी हुई। बरेली में सुबह से रुक रुक कर बारिश हो रही है। इससे पहले शुक्रवार दिन और रात में भी बारिश हुई। बारिश से तापमान में गिरावट आई है। रविवार को भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटे में बरेली मंडल के बरेली, शाहजहांपुर, रामपुर और पीलीभीत में 5 मिलीमीटर बारिश होने का अनुमान है। आज सुबह न्यूनतम तापमान 22 डिग्री रहा, जबकि दिन में अधिकतम तापमान 30 डिग्री रहने का अनुमान है। हवा की स्पीड 8 किलोमीटर प्रति घंटा की रहेगी। इससे पहले शुक्रवार शाम भी हल्की बारिश हुई। बरेली में पिछले 10 दिनों से शहर वासियों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा था। अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा था। लेकिन शुक्रवार को तापमान में गिरावट दर्ज की गई। एक साथ तापमान में गिरावट आने से उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। न्यूनतम तापमान भी 2 डिग्री घटा है।

# तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का विधायक सदर ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**डीएम व सीडीओ के साथ चित्र प्रदर्शनी का किया अवलोकन**

**आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के लिए सौभाग्य का विषय: डीएम**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाये जाने के उद्देश्य से सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा कलेक्ट्रेट बहराइच में लगायी गयी 03 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का विधायक सदर अनुपमा जायसवाल ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना के साथ फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभागर, उप जिलाधिकारी डॉ. पूजा यादव, जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, प्रशिक्षु पीसीएस प्रिन्स वर्मा, पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार सुरेन्द्र प्रसाद यादव, लेखापाल संघ के अध्यक्ष जयराज सिंह व महामंत्री महेन्द्र मिश्रा, सेनानी परिषद के मंत्री रमेश चन्द्र मिश्र, महिला संरक्षण अधिकारी रागिनी विश्वकर्मा, बाल संरक्षण अधिकारी सीता मौर्या, महिला शक्ति केन्द्र समन्वयक नीलम शुक्ला व प्रियंका, वरिष्ठ सहायक शब्बो बेगम, आपदा विशेषज्ञ सुनील कन्नौजिया व अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा गणमान्य व संभ्रान्तजन मौजूद रहे। प्रदर्शनी के उदघाटन के पश्चात सदर विधायक, डीएम व सीडीओ ने अन्य के साथ चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए आमजन से अपील की है कि 11 से 13 सितम्बर 2023 तक सूचना विभाग द्वारा लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर भारत सरकार व प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण नीतियों, निर्णयों, उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ उठायें। विधायक सदर ने कहा कि यह चित्र प्रदर्शनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किये गये विकास कार्यों का आईना है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के लिए सौभाग्य का विषय है कि उत्तर प्रदेश सरकार के माध्यम से सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विकासपरक व जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं निर्णयों पर आधारित सुन्दर और विस्तृत प्रदर्शनी लगायी गयी है। डीएम ने कहा कि चित्र प्रदर्शनी केन्द्र व राज्य सरकार की विकास गाथा को प्रदर्शित कर रही है जिससे आमजन व शोधार्थियों को बहुत उपयोगी जानकारी प्राप्त होगी। प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में उपयोगी जानकारी प्राप्त कर प्रदर्शनी का बेहतर ढंग से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने शिक्षको, छात्र-छात्राओं व आमजन से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रदर्शनी का अवलोकन कर लाभ उठाएं।

# मेधावी छात्र, शिक्षक व विशिष्ट जन सम्मान समारोह आयोजित

**सेवा क्लब ने आयोजित किया 17वां मेधावी सम्मान समारोह**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज। कैसरगंज स्थित तहसील सभागार में सेवा क्लब व जय लक्ष्मी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान कैसरगंज के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षक स्वर्गीय जय प्रकाश सिंह की पुण्यतिथि पर 17वां मेधावी छात्रों और शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन सेवा क्लब के संस्थापक शिक्षक व पत्रकार वी.पी.सिंह व संचालन समाजसेवी ओम प्रकाश अवस्थी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित प्रवेश पत्रकार भागवत शुक्ला ने बोलते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही गुरुओं का हमारे जीवन में विशेष योगदान रहा। शिक्षकों के सम्मान के क्रम में विगत 17 वर्ष से शिक्षक स्वर्गीय श्री जय प्रकाश सिंह की निर्वाण दिवस पर उनके पुत्र सामाजिक कार्यकर्ता व शिक्षक वी.पी.सिंह द्वारा शिक्षकों का सम्मान व छात्रों का सम्मान किया जाना बेहद हर्ष का विषय एवं सराहनीय कार्य है। विशिष्ट अतिथि कैसरगंज नगर पंचायत अध्यक्ष युसूफ अली ने कहा कि शिक्षक वह नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूंसे, बल्कि वास्तविक शिक्षक तो वह है जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करें। उक्त कार्यक्रम में हुकुम सिंह इंटर कॉलेज कैसरगंज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कैसरगंज, सरदार पटेल इंटर कॉलेज कैसरगंज, सरस्वती ज्ञान मंदिर, रामादेवी पब्लिक स्कूल, सर सैयद इंटरनेशनल स्कूल, प्राथमिक विद्यालय शाहपुर रसूलपुर, प्राथमिक विद्यालय खिलाफतपुर, प्राथमिक विद्यालय हसना, प्राथमिक विद्यालय ग्यारह सौ रेती, जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर आदि सहित कई विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों, खंड शिक्षा क्षेत्र कैसरगंज के सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं विशिष्ट जन को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# प्रगतिशील विश्व मौर्य परिषद ने उप मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। प्रगतिशील विश्व मौर्य परिषद जिला यूनिट कि ओर से जिला महासचिव संजीव कुमार मौर्य नेतृत्व शहर के तिकोनीबाग महसी बस स्टैंड चौराहा को सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य के नामकरण किये जाने व मरी माता तिराहा पर महान सम्राट अशोक मौर्य की प्रतिमा बनाये जाय मांग को लेकर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को ज्ञापन दिया। जिला महासचिव संजीव कुमार मौर्य नें कहा कि मौर्य साम्राज्य का स्वर्णिम काल रहा है। मौर्य जाति नहीं बल्कि विश्व धरोहर है जिनका शासन पद्धति आज भी विद्यमान है।सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य, सम्राट अशोक मौर्य से लेकर वृहद्रथ मौर्य आदि राजाओं ने अपनी शूर वीरता से अखण्ड भारत का निर्माण कर देश को उसके परम वैभव तक पहुंचाया। तत्कालीन समय में भारत को विश्व को सोने की चिड़िया कहा गया उस विरासत को संजोये रखना शासन प्रशासन के साथ हम सभी की जिम्मेदारी है ताकि आज के युवाओ को देश की गौरवशाली इतिहास स्मरण रहे।जिला कोषाध्यक्ष पवन कुमार मौर्य नें कहा कि मौर्य परिषद शहर के तिकोनीबाग महसी बस स्टैंड चौराहा को सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य के नाम से घोषित किये जाने व मरी माता तिराहा पर महान सम्राट अशोक मौर्य की प्रतिमा बनाये जाने की मांग करती है। इस मौके पर जिला सचिव डॉ पवन मौर्य, राकेश मौर्य, अमित कुमार मौर्य, विनोद कुमार, शंकर मौर्य, राम गोपाल, मनीष कुमार मौर्य, विनीत कुमार मौर्य, शिव कुमार मौर्य, महावीर आदि लोग मौजूद रहे।

# भारत शीघ्र ही सभी क्षेत्रों में विश्व नेतृत्व करने में होगा सक्षमः चेयरमैन

**चंद्रयान-3 की सफलता पर प्रस्ताव पारित कर दी गई बधाई**

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। बीते सोमवार को एक बैठक का आयोजन नगर पंचायत कार्यालय रुपईडीहा के सभागार कक्ष में किया गया। बैठक की अध्यक्षता रूपईडीहा नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ उमाशंकर वैश्य ने किया। बैठक में चंद्रयान-3 की सफलता पर प्रस्ताव पारित कर इस ऐतिहासिक सफलता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व इसरो के वैज्ञानिको को बधाई ज्ञापित करते हुए अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर चेयरमैन रूपईडीहा डॉ उमाशंकर वैश्य ने कहा की चन्द्रयान मिशन 3 की सफलता देश के अंतरिक्ष अनुसंधान की स्वर्णिम उपलब्धियों के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। देश के सभी वैज्ञानिकों के इस गौरवपूर्ण सफलता पर नगर पंचायत रुपईडीहा कोर्ट कोर्ट बधाई एवं अभिनंदन करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विज्ञान और तकनीकी एवं नवाचार के क्षेत्र में जिस रूप से प्रगति दिखाई दे रही है अति शीघ्र ही सभी क्षेत्रों में हमारा भारत विश्व नेतृत्व करने में सक्षम होगा। हमारे वैज्ञानिकों की उपलब्धि हमारे भारत की नई पीढ़ी को अनुसंधान के क्षेत्र में और अधिक तेजी से आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी। भारत की यह शताब्दी विश्व महाशक्ति के रूप में नए कीर्तिमान स्थापित करे, इसी आशा एवं विश्वास के साथ सभी नागरिकों की ओर से नगर पंचायत रूपईडीहाइस अभियान में अपना योगदान देने वाले सभी वैज्ञानिकों एवं विशेष कर इसरो के प्रति अपनी मंगल कामनाएं प्रेषित करता है। इस मौके पर रतन अग्रवाल, संजय वर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# भट्ठे की चिमनी पर गिरी आकाशीय बिजली



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। थाना क्षेत्र कैसरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत कहरई निवासी हाजी बाले ब्रिक फील्ड की चिमनी पर आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे भटटे की चिमनी लगभग 20 फीट तक चटक गई और उसका कुछ हिस्सा गिर गया। इस घटना से अफरा तफरी मच गई। हालांकि किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हई। ब्रिक फील्ड के प्रोपराइटर सिराज अहमद ने बताया कि सोमवार सुबह लगभग 9:06 बजे जैसे ही बिजली कड़कने की आवाज हुई चारों तरफ रोशनी फैल गई तथा बिजली चिमनी के ऊपर जा गिरी जिससे लगभग 20 से 25 फीट तक की चिमनी चटख गयी गई तथा चिमनी का कुछ हिस्सा जमीन पर आ गिरा। इसकी सूचना तहसील प्रशासन को दे दी गई है।

# सगे भाई और कांग्रेस नेता पर हत्या का केस

**❍ सुल्तानपुर में चर्चित शेषमणि वर्मा की मौत के मामले में 8 माह बाद कोर्ट के आदेश पर मुकदमा**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर में चर्चित शेषमणि वर्मा की मौत के मामले में करीब आठ महीने बाद नया मोड़ आ गया है। सीजेएम के आदेश पर कोतवाली देहात पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर सगे भाई और कांग्रेसी नेता राम शिरोमणि वर्मा सहित तीन के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली देहात के हनुमानगंज बाजार में आठ महीने पहले चर्चित कांग्रेसी नेता के भाई शेषमणि वर्मा की संदिग्ध रूप में मौत हुई थी। इसमें पत्नी ने भाई पर और भाइयों ने पत्नी पर ही हत्या का आरोप लगाया था। अब आठ महीने बाद कोर्ट के आदेश पर पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने सगे भाइयों सहित तीन पर हत्या सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। घटना 19 जनवरी 2023 की है। सुबह कोतवाली देहात के हनुमानगंज बाजार निवासी शेषमणि वर्मा उर्फ बिन्नू को उनके घर से उनके दो भाई बाइक से लेकर बड़े भाई और कांगेसी नेता राम शिरोमणि वर्मा के घर शहर के दरियापुर निवास पर ले गए थे। वहां से रात्रि 8 बजे ले आकर हनुमानगंज स्थित घर पर छोड़कर मनिकापुर गांव चले गए। उसी रात्रि में तबियत बिगड़ने पर शेषमणि वर्मा की मौत हो गई।शेषमणि की पत्नी भावना राय ने घटना की तहरीर थाने पर दी, लेकिन थाना कोतवाली देहात में मुकदमा न दर्ज होने पर वह कोर्ट की शरण में गईं थीं। सीजेएम सुलतानपुर के निर्देश पर कोतवाली देहात थाने में हत्या, गबन, धोखाधड़ी तथा लूट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। नामजद तीन लोगों में मृतक के सगे भाई व सहायक अध्यापक राजमणि वर्मा, कांग्रेसी नेता राम शिरोमणि वर्मा तथा परिवार के दिनेश वर्मा निवासी मनिकापुर परासिन कोतवाली देहात प्रमुख हैं।

# निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत परीक्षाएं आयोजित

अमेठी। परिषदीय विद्यालयों में निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत बच्चों की शैक्षिक स्थिति और सीखने के स्तर की पड़ताल को? नैट परीक्षा सोमवार को शुरू हुई। पहले दिन कक्षा एक से तीन की परीक्षाएं आयोजित की गई। नामांकित संख्या 3895 के सापेक्ष 3554 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी है। पहले की उपस्थिति लगभग 92फीसदी रही है। कम्पोजिट विद्यालय भादर-1 में कक्षा एक से तीन तक नामांकित छात्र छात्राओं की संख्या 79है। सोमवार को 70बच्चे परीक्षा में शामिल हुए ?,नौ गैर हाजिर रहे। पर्यवेक्षक ज्ञान चंद पांडेय ने बताया कि परीक्षा निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई है। उपस्थिति 88प्रतिशत रही है।।संकुल शिक्षक देवांशु सिंह,इं प्र अ संजीव कुमार, अवनीश वर्मा, विजय प्रताप यादव, दिनेश कुमार यादव, संध्या गुप्ता, लालती देवी, शिवकरन गुप्ता कौशलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन

संवाददाता




बाराबंकी। शहर के मोहल्ला नेहरू नगर कंपनी बाग स्थित कोमल संगीत अकादमी में मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सगीर नूरी ने की जबकि संचालन आदर्श बाराबंकवी ने किया। इरशाद बाराबंकवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर शायरों ने एक से बढ़कर एक रचनाएं प्रस्तुत की। सगीर नूरी ने कहा- कितना अजीब होता है कि स्मत का खेल भी। सिक्का बदल गया कभी कांसा बदल गया। इरशाद बाराबंकवी ने पढ़ा- तब जाके कहीं आप हुए हमसे मुखातिब। जब चीख पड़ी बज्म में तन्हाई हमारी।। डॉक्टर रेहान अलवी ने सुनाया - मैल नफरत का अगर सबके न मन से निकला। कोई मक़्सद न मेरे शेर ओ-सुखन से निकला।। आदर्श बाराबंकवी ने पढ़ा - खाकर फरेब बन गया आखिर में आईना। दुनिया को देखने का हुनर मुझमें आ गया। किरन भारद्वाज ने कहा - ना आंको कद से मेरा हौसला मेरे यारों। मेरे चराग हवा का शिकार करते हैं।। अब्बास काशिफ ने पढ़ा - मेरा नाम सुनते ही खिल जाना उसका। कहीं वो मुझे चाहता तो नहीं है।। अमन सोनी ने सुनाया - अब शिकवा शिकायत न गिला है कोई। मुद्दतों बाद मुझे अपना मिला है कोई।। इनके अलावा अविनाश कुमार, अंजू श्रीवास्तव, फैजान अहमद आदि ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। अन्त में कोमल संगीत अकादमी के प्रबंधक व कार्यक्रम के आयोजक रतन सिंह ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अम्बेडकरनगर में बिजली कर्मियों को पीटा

**❍ चेकिंग के दौरान जेई और एसीडीओ पर भी किया हमला, महिलाओं से छेड़खानी का आरोप**

अमन लेखनी समाचार



अम्बेडकरनगर, अम्बेडकरनगर में भीटी कस्बे में बिजली चेकिंग करने गए एसडीओ और जेई को भीड़ ने दौड़ा कर पीट दिया। एसडीओ और जेई की पिटाई से नाराज विद्युत कर्मियों ने भीटी फीडर की लाइट बन्द कर दिया। टीम का आरोप है कि उपभोक्ता मीटर बाईपास से बिजली जला रहा था। वही दूसरी तरफ उपभोक्ता का कहना है कि बिजली चेकिंग टीम घर मे घुसकर महिलाओं से छेड़खानी कर रही थी। मारपीट की सूचना पर पंहुची पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने पर तलब किया है। भीटी उपकेंद्र के एसडीओ संजय गुप्त व अवर अभियंता शैलेंद्र मिश्र लाइनमैन के साथ भीटी कस्बे में बिजली चोरी की जांच करने पहुंचे थे। एक घर में चेकिंग के दौरान टीम का एक महिला से विवाद हो गया। टीम का आरोप था कि मीटर बाइपास कर एसी व अन्य उपकरण चलाने के लिए बिजली की चोरी की जा रही है। दूसरी तरफ महिला ने बिजली चोरी से इंकार करते हुए टीम को घर के अंदर जाने से रोक किया। एसडीएम व जेई मकान के अंदर जाकर जांच करने की बात कह रहे थे। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। महिला ने बिजली कर्मियों पर अभद्रता करने व छेड़छाड़ की कोशिश का आरोप लगाते हुए शोर मचाकर अन्य लोगों को बुला लिया। महिला के आरोप से नाराज लोगों ने एसडीओ व जेई पर हमला कर दिया।

# अयोध्या में आकाशीय बिजली गिरने से दो किशोर की मौत

**बारिश से बचने को पेड़ के नीचे खड़े थे, घर वापस लौट रहे थे**

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, अयोध्या के थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र स्थित सिद्धनाथन मंदिर के पास बाइक से अपने घर वापस लौट रहे दो किशोरों की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची इनायतन गर पुलिस ने दोनों किशोर का शव कब्जे में लेकर पंचायत नामा कराने के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, इनायत नगर थाना क्षेत्र स्थित हिसामुद्दीनपुर कोदई निवासी कुश कुमार यादव का 18 वर्षीय बेटा मुकेश यादव अपने बुआ के बेटे आदित्य कुमार यादव पुत्र राम कलप निवासी सिड़हिर थाना पूरा कलंदर के साथ बाइक से कहीं गया था। दोनों किशोर शुक्रवार को दोपहर करीब 12:30 बजे अपने घर वापस लौट रहे थे और वह सिद्धनाथन मंदिर के पास पहुंचे थे। तभी मौसम खराब होने के चलते अचानक बारिश होने लगी। दोनों किशोर सड़क के किनारे बाइक खड़ी करके पेड़ों के नीचे खड़े हो गए। इतने में अचानक आकाशीय बिजली गिरी और दोनों किशोर मौके पर ही गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे राहगीरों एवं स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में एंबुलेंस बुलाया और इलाज के लिए सीएचसी मिल्कीपुर पहुंचाया।

# अम्बेडकरनगर में सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन

**❍ संगठन ने कहा- ऑनलाइन हाजिरी की प्रक्रिया वापस ले सरकार, आंदोलन की चेतावनी**

अमन लेखनी समाचार



अम्बेडकरनगर, अम्बेडकरनगर में उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने ऑनलाइन उपस्थित दर्ज करने के विरोध में कलेक्ट्रेट के निकट अंबेडकर प्रतिमा के प्रांगण में धरना दिया। धरने के बाद जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया और मांग किया कि ऑनलाइन उपस्थित के नियम को समाप्त किया जाए। ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष शिव कुमार मौर्या ने कहा कि सफाई कर्मचारियों को ऑनलाइन उपस्थित दर्ज करने का आदेश दिया गया है। ऑनलाइन उपस्थित दर्ज कराने में कई तरह की खामियां हैं। सफाई कर्मचारी कम पढ़े लिखे होते हैं और एंड्राइड मोबाइल चलाना नहीं जानते हैं। करीब 30 फीसदी कर्मचारियों के पास स्मार्टफोन नहीं हैं। ऐसे में इन कर्मचारियों को ऑनलाइन उपस्थित कराना उचित नहीं है। वहीं, आदेश में पंचायत सहायक द्वारा उपस्थित लगवाने की बात कही गई है, जबकि पंचायत भवन सुबह 10 बजे खुलता है और सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी गर्मी में 7 बजे से 2 बजे तक एवं सर्दी में 8 बजे से तीन बजे तक लगती है। ऐसे में कर्मचारियों की उपस्थिति कैसे लगेगी।

# संक्षेप

## लम्पी वायरस के कारण छपिया पशु बाजार रहेगा बन्द



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत छपिया बाजार में लगने वाली गोरखपुर की प्रसिद्ध पशु बाजार लम्पी वायरस के प्रसार के कारण शासन के अग्रिम आदेश तक पुरी तरह स्थगित रहेगी यह जानकारी। जनता पशु बाजार छपिया के संचालक काली सिंह ने दी है काली सिंह ने कहा कि लम्पी वायरस का प्रसार काफी तेजी से हो रहा है आस पास के जिलों में भी धीरे धीरे लम्पी वायरस फैल रहा है लम्पी वायरस को काबू मे करने के लिए सरकार एवं पशु स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयास कर रहा है जिसके क्रम मे रविवार को प्रदेश सरकार के अधिकारी ट्विटर एकाउन्ट से ट्विट कर लम्पी वायरस को रोकने के लिए मिशन मोड़ पर काम करने स्थिति सामान्य होने तक प्रदेश मे पशु मेलो का आयोजन स्थगित रखने के साथ ही अंतराजीय पशु परिवहन पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है साथ ही गो आश्रय स्थलों में अनावश्यक लोगो के प्रवेश करने पर प्रतिबंधित किया गया है ऐसे में सभी पशु व्यापारियों पशुपालको दुग्ध व्यवसाइयो किसानो समेत सभी लोगो को प्रदेश सरकार एवं पशु स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शों का पालन करना चाहिए सिंह ने आगे कहा कि शासन के निर्देश पर सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को लगने वाली पशु बाजार अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

## मेरठ में प्लॉट में कूड़ा डालने पर परिवार पर हमला

### आरोपियों ने की मारपीट, किशोरी के मारी लात, हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती

मेरठ, मेरठ के लोहिया नगर थाना क्षेत्र स्थित गुलजार नगर में दबंगों ने खाली प्लॉट में कूड़ा डालने का विरोध करते हुए एक परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों की मारपीट में किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोरी को एक निजी अस्पताल में भर्ती कर दिया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। गुलजार कॉलोनी निवासी महिला सहाना पत्नी वाहिद का आरोप है कि उसकी 16 वर्षीय बेटी मकान के बराबर में खाली पड़े प्लॉट में कूड़ा डालने गई थी। इसी दौरान पड़ोस के ही रहने वाले झोलाछाप डॉक्टर ने किशोरी के साथ अभद्रता कर दी। किशोरी ने मामले की जानकारी अपने पिता वाहिद को दी। इस दौरान किशोरी का पिता वाहिद जब आरोपी से विरोध जताने पहुंचा तो आरोपी ने वाहिद की पिटाई कर दी। किसी तरह पीड़ित अपनी जान बचाकर घर पहुंचा तो आरोपी अपने साथ बिलाल, वासिद, साजिद व शाहिद कुछ अन्य को लेकर वाहिद के घर में घुस गया।

# यूनियन बैंक से निकलने वाले संपर्क मार्ग की हालत दयनीय, बह रहा है सड़क पर नाली का गंदा पानी

## गंदगी युक्त कीचड़ और बदबू से लोग बेहाल, चलना है मजबूरी

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। कौड़ीराम की मुख्य सड़क से निकलने वाला संपर्क मार्ग जो यूनियन बैंक से निकल कर फोरलेन जोड़ती है की हालत अत्यंत ही दयनीय हो गई है ।पूरे कौड़ीराम के गंदे नाली का पानी इसी संपर्क मार्ग पर बह रहा है, जिससे इस संपर्क मार्ग पर कीचड़ ही कीचड़ फैला हुआ है और नाली का गंदा पानी निरंतर बहते रहने से लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है ।बताते चलें इस संपर्क मार्ग पिचिंग कार्य पिछले साल पीडब्ल्यूडी द्वारा कराया जा रहा था किंतु सड़क और यूनियन बैंक के मकान मालिक के जमीनी विवाद के कारण बन रहे सड़क निर्माण कार्य को रोक देने से यह मामला न्यायालय में लंबित हो गया और यह सड़क उपेक्षित हो गई ।ध्यान देने योग्य बात यह है कि यह सड़क कौड़ीराम मुख्य मार्ग से निकलकर और फोरलेन को जोड़ती है जिस पर सैकड़ो संख्या में लोगों का आवास बना हुआ है जिस रास्ते छोटे-छोटे बच्चे पढ़ने के लिए स्कूल जाते हैं और कछार क्षेत्र के सैकड़ो लोगों का प्रतिदिन इसी रास्ते से कौड़ीराम कस्बे में आवागमन होता रहता है।किन्तु इस सड़क पर कौड़ीराम के दुकानदारों के सारे कचरे फेंकने और नाली का गंदा पानी बहते रहने से इस सड़क के आसपास का क्षेत्र अत्यन्त दूषित हो गया है जिससे लोगों के संक्रमित होने का खतरा बना हुआ हैं ।इस महत्वपूर्ण व्यावसायिक कस्बे में प्रधान,जिला पंचायत सदस्य, स्थानीय विधायक और सांसद का भी आना-जाना बना रहता है जिम्मेदारों के समक्ष इस सड़क निर्माण की मांग बार-बार उठने के बाद भी इस पर किसी की खास नजर नहीं पड़ती है जिससे यह समस्या गंभीर बना हुआ है ।देखना होगा स्थानीय निवासियों को इस संपर्क मार्ग की गंभीर समस्या से कब तक निजात मिल पाता है।

# आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर महिलाओ का प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। तहसील अंतर्गत विकासखंड सहजनवा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गीदहा में सरकारी खड़ंजा उखाड़ने तथा प्रधान को धमकी देने वाले आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर दर्जनों की संख्या में महिलाओ ने प्रदर्शन किया। और और उखाड़े गये खड़ंजे को लगाने की मांग किया।महिलाओ ने आरोप लगाया कि प्रधान द्वारा गावँ के लोगो के आने जाने के लिए कच्चा रास्ता बनाया गया। जिस पर खड़ंजा भी लगा था। रविवार को भारत सरकार लिखी एक गाड़ी में कुछ लोग आये थे। और ख़्सनजे को उखाड़कर फेक दिये। जब जानकारी मिलने पर प्रधान गयी तो मनबढो ने उनके साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए जान मारने की धमकी देने लगे थे।जिसकी शिकायत थाने पर दर्ज कराई गयी थी। लेकिन आरोपियों पर कोई भी कार्रवाई नही की गयी।प्रदर्शन करने वालो में कुमारी देवी,उषा देवी,पूनम देवी,शांति,कमलावती,गीता देवी,शशिकला,रोशनी,अंशिका,खुशी ,सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।



# कुलपति ने दीक्षा भवन, केन्द्रीय ग्रंथालय तथा डेलीगेसी का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर।दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने विश्वविद्यालय के प्रमुख शैक्षणिक परिसर में दीक्षा भवन स्थित कृषि संकाय, केन्द्रीय ग्रंथालय तथा डेलीगेसी का निरीक्षण किया। कुलपति ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों से वार्ता कर कृषि संकाय की कार्य प्रणाली पर विस्तृत जानकारी ली। प्रो टंडन कृषि के विद्यार्थियों की कक्षाओं में जा कर उसने बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना और त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।कुलपति दीक्षा भवन के ऑडिटोरियम का भी निरीक्षण किया। कुलपति सुबह 10 बजे संवाद भवन के पास स्थित डेलीगेसी के भवन में भी गयी। वहाँ कुछ कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर जबाब भी मांगा। इसके बाद प्रो टंडन केंद्रीय ग्रंथालय का भी निरीक्षण किया तथा पुस्तकों के रखरखाव और ऑनलाइन उपलब्धता पर चर्चा की।साथ ही स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। अपने निरीक्षण के दौरान कुलपति ने पेयजल की उपलब्धता तथा प्रसाधनों की साफ-सफाई पर जोर दिया।इस अवसर पर इंजीनियर, नियंता तथा लाइब्रेरियन सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# कैंपस सलेक्शन में 300 में से 275 अभ्यार्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

**पीपल ट्री ऑनलाइन कंपनी द्वारा आयोजित किया गया कैंपस सलेक्शन**

**300 अभ्यर्थियों में से 275 को मिला रोजगार**

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। पीपल ट्री ऑनलाइन कंपनी महाराष्ट्र ने शारदा प्राइवेट आईटीआई बकुलहा बांसगांव परिसर में 300 छात्रों में से 275 छात्रों को नियुक्ति पत्र देकर रोजगार प्रदान किया ।प्राप्त सूचना के आधार पर शनिवार को पीपल ट्री ऑनलाइन कंपनी महाराष्ट्र द्वारा आयोजित कैंपस सलेक्शन में साक्षात्कार के बाद 275 छात्रों का चयन कर नियुक्ति पद प्रदान किया ।इस आयोजन में पीपल ट्री ऑनलाइन कंपनी के मैनेजर राजेश मिश्रा व अन्य अधिकारी कपिल मौर्य, आदित्य मिश्रा और मनोज गौड़ द्वारा 300 छात्रों में से 275 छात्रों का चयन कर रोजगार उपलब्ध कराया गया । संस्था के प्रबंधक शिवाजी सिंह ने बताया कि हमारी संस्था का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराना है । कॉलेज के संचालक गौरव सिंह ने कहा जिन अभ्यर्थियों का चयन नहीं हो पाया है वह लोग तैयारी में लग रहे जल्दी उनके लिए रोजगार की अवसर सृजित किए जाएंगे ।कैंपस सलेक्शन के अवसर पर प्रबंधक शिवाजी सिंह, कॉलेज संचालक गौरव सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वेद प्रकाश शाही, जुल्फीकार अली अंसारी, आशीष सिंह, पीयूष सिंह, आलोक सिंह और विशेष सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# 13वीं जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का हुआ समापन



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। दिग्विजय नाथ पीजी कॉलेज के प्रांगण में 13वीं जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का समापन प्रतियोगिता का समापन में मुख्य अतिथि उमेश कुमार अग्रहरी जी डायरेक्टर जगमग गोल्ड कपूर , विशिष्ट अतिथि रामवृक्ष यादव ,जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित कुमार सिंह उपाध्यक्ष श्वेता जॉनसन ,सचिव लालदेव यादव व आयोजक आदित्य जायसवाल रहे।जिला सचिव लाल देव यादव ने बताया कि प्रतियोगिता मे 200 से अधिक ताइक्वांडो खिलाड़ीओं ने प्रतिभाग किया। जिसमे 183 अंको के साथ प्रो ताइक्वांडो अकादमी पहला स्थान प्राप्त , 176 अंको के साथ दिग्विजय नाथ दूसरे स्थान पर ,83 अंको के साथ यू पी एस तीसरा स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश के ताइक्वांडो एसोसिएशन ने इस ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए अब्जॉर्बर के रूप में गिरीश सिंह देवरिया को नियुक्त किया एवं जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन ने टेक्निकल ऑफिशियल अभिषेक कुमार विश्वकर्मा को सम्मानित किया। निर्णायक मंडल मे - महेश राजभर,कुन्दन राय, रिजवान अहमद फैजी,राहुल राय,रियाज अली, संजय सैनी,चंदन पटेल,उत्सव शर्मा, साहेब सिंह सेठी,राम नारायण चक्रवर्ती, घनश्याम यादव, दुर्गेश , पप्रिया साहनी रहे।

# सड़क पर उतरे जुट मिल श्रमिक वार्ता विफल श्रमिको के समर्थन में उतरे सपाई

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत जुट मिल श्रमिक का वेतन कटौती को लेकर तीन दिनों से तालाबंदी कर धरने पर बैठे श्रमिक सोमवार को आंदोलित हो गये। और प्रबंध तंत्र पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए सड़क पर उतर आये। और मुख्य बाजार सहजनवा होते हुए प्रबंध तंत्र के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील मुख्यालय पर पहुचे। जहाँ श्रमिको ने आरोप लगाया कि शनिवार को जब वेतन स्लिप प्रबंध तंत्र द्वारा दिया गया।

तो 702और 705 रुपये प्रतिदिन कि जगह 541 से 558 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से वेतन स्लिप जारी किया गया था।कटौती को लेकर श्रमिको ने प्रबंध तंत्र से वार्ता किया। तो प्रबंध तंत्र ने गेट पर नोटिस चस्पा कर चेतावनी दिया कि इतने रुपये प्रतिदिन के हिसाब से जिस श्रमिक को कार्य करना है।करे नही तो वापस लौट जाय।तहसील मुख्यालय पर श्रम आयुक्त अमित कुमार मिश्र,एसडीएम कुवँर सचिन सिंह,श्रम प्रवर्तन अधिकारी सीडी ओझा,एस एन सिंह,राधेश्याम गुप्ता,सन्तोष कुमार ने श्रमिको से वार्ता किया।तथा मिल प्रबंध तंत्र से भी फोन पर बात की लेकिन मामला नही बना।श्रमिको ने अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर मामले का निस्तारण कराने की चेतावनी दी।नही तो सोमवार से आंदोलन और तेज होगा।वही समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार गौतम,पूर्व विधायक यशपाल रावत,राजेन्द्र यादव रामनाथ यादव,दूधनाथ मौर्य,नीरज शाही,दुर्गेश मास्टर श्रमिको के समर्थन में जुट मिल पहुचे,और प्रबंध तंत्र को तीन दिन का एल्टीमेटम दिया।इस दौरान डॉ.सईद बाबू रहबर,शिवदास यादव,संतराम यादव, वृंदावन परमानन्द, धर्मेंद्र, इंद्रेश, अनूप शुक्ल, हृदय ननद शुक्ल, सलाउल्लाह,सुनील मिश्र सहित हजारों श्रमिक मौजूद थे।

# प्रोजेक्ट एसोसिएट के लिए आवेदन डीडीयू विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग में

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग को साइंस एवं इंजीनियरिंग रिसर्च बोर्ड के स्टेट यूनिवर्सिटी रिसर्च ग्रांट के तहत सहायक आचार्य डा. उदयभान सिंह को उनके तीन वर्षों के शोध कार्यों के लिए 30 लाख रुपये दिए जाएंगे। डा.उदयभान सिंह अपनी शोध परियोजना में नोबल मेटल नैनो-पार्टकिल्स का उपयोग करके 'सरफेस इनहेंस्ड रमन स्केटरिंग' सब्सट्रेट का निर्माण करेंगे। इसका उपयोग किसी भी प्राण घातक बीमारी के बारे में प्रारंभिक अवस्था में ही पता लगाकर सफल इलाज करने में किया सकता है।प्रोजेक्ट के सफल संचालन के लिए एक प्रोजेक्ट एसोसिएट के लिए आवेदन माँगा गया हैं। इसके लिए विद्धयार्थियों को भौतिकी में परास्नातक होना चाहिए और उन्हें तीन वर्षों के लिए शोध छात्रवृति साइंस एवं इंजीनियरिंग रिसर्च बोर्ड के नियमों के २५००० रुपये प्रति माह दिया जाएगा अधिक जानकारी के लिए इच्छुक विद्धयार्थि विश्वविद्यालय की वेबसाइट या प्रोजेक्ट के पी. आई. डॉ उदय भान सिंह से ईमेल आई डी पर अपनी एक बायोडाटा और सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान का शुभारंभ



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली मंडल के ग्राम सभा मकरहट में भाजपा द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख शशी प्रताप सिंह ने घर घर से मिट्टी लेकर शुरू किया। कार्यक्रम में शशी प्रताप सिंह ने कहा की मेरी माटी मेरा देश अभियान मे हमें प्रत्येक घरों से एक चुटकी मिट्टी लेना है अगर घर में फर्श है तो उस घर से चुटकी भर चावल लेना है। बूथ संख्या - 21 , 22 ग्राम सभा माट एवं बूथ संख्या - 52 ग्राम सभा मकरहट के घर से कलश में मिट्टी लेकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आगे कहा कि प्रत्येक गांव के एक स्थान पर अमृत वाटिका के लिए 75 पौधा को लगाना है। गांव के विद्यालयों पर शहीदों के नाम और पीएम का संदेश लगवाना होगा। हर ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत में कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों को पंच प्रण की शपथ दिलाना है। कार्यक्रम में जानकारी देते हुए बताया कि मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत 8 सितंबर से 13 सितंबर तक ग्राम सभा एवं वार्ड के सभी कार्यक्रम संपन्न किए जाएंगे। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि चंद्र प्रकाश उर्फ राजू सिंह, प्रधान राम सिंह, अशोक सिंह, जितन सिंह मुन्ना पांडे, विवेक मिश्रा ,रणविजय सिंह ,राम सज्जन सिंह सहित के कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**मंचन** — दिन में श्याम सगाई लठ्ठमार होली तो रात में सत्य हरिश्चंद्र लीला का हुआ मंचन

# वृंदावन के महारास का अद्भुत समागम दिखाया

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे के गायत्री तपोधाम मंदिर के समीप चल रही वृंदावन के कलाकारों द्वारा पावन लीला में कल सर्वप्रथम वृंदावन के महारास का अद्भुत समागम दिखाया गया इसके पश्चात दिन की बेला में श्याम सगाई ब्रज की लठ्ठमार होली तथा फूलों की होली का विहंगम दृश्य देखकर दर्शक गण भाव विभोर होते रहे वही कार्यक्रम के आयोजक रमेश चंद्र दिनेश चंद्र तथा अनिल ओमर के तत्वावधान में चल रही निंबार्क रासलीला मंडल वृंदावन द्वारा लीला में रात्रि कालीन बेला में सतयुग की पावन लीला सत्य हरिश्चंद्र देखकर दर्शकों का हृदय गदगद को उठा लीला में मुनि विश्वामित्र द्वारा अयोध्या के राजा हरिश्चंद्र की अनेक परीक्षाएं ली गई जिसमें राजा हरिश्चंद्र को अपने सत्य पर अडिग होते हुए मुनि विश्वामित्र को समूचा राज्य समेत सर्वस्व दान करना पड़ा वही राजा हरिश्चंद्र समेत रानी तारा तथा पुत्र रोहित को मुनि विश्वामित्र ने मेहतर तथा माली को बेच दिया जहां रानी तारा दासी की तरह अपने पुत्र के साथ अपने मालिक की सेवा करती रही वही राजा हरिश्चंद्र का नाम मेहतर ने हरिया रखते हुए गंगा घाट के किनारे मरघट में लगा दिया समय बीतते फूल चुनने गए रोहित को सर्प ने डस लिया जहां देवी तारा रोती हुई अपने पुत्र का अंतिम संस्कार करने गंगा के किनारे मरघट पहुंची वहां भी राजा हरिश्चंद्र का सत्य नहीं डगमगाया हरिया ने देवी तारा से कर मांगा जहां देवी तारा के पास कुछ न होने पर शरीर पर पहने हुए साड़ी का आधा हिस्सा फाड़कर कर रूप में देने को आतुर हुई इतने में ही मुनि विश्वामित्र पहुंच गए और राजा हरिश्चंद्र से कहा है राजन तुम्हारी परीक्षा पूर्ण हुई वास्तव में सत्य परेशान हो सकता है परंतु पराजित नहीं राजा हरिश्चंद्र को पुनः अयोध्या के सिंहासन पर विराजमान किया गया ऐसी करुणमयी लीला को देख दर्शकों में भी अश्रुपात होने लगा इस मौके पर मुख्य आयोजक रमेश चंद्र ओमर दिनेश चंद्र अनिल ओमर माया ओमर प्रमिला ओमर माला ओमर सौरभ पारस कृष्णा ओमर प्रांजुल शुभम शिवम रामदास राजाराम अनंतराम किशन दुबे संदीप तिवारी पप्पू ओमर संजय ओमर समेत हजारों की संख्या में भक्तों के जनसमुदाय ने पुष्प वर्षा कर जयकारे लगाए।

# बी पैक्स सदस्यता महा अभियान सहकार से समृद्धि की समीक्षा बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार




तिलोई, अमेठी। तिलोई क्षेत्र की सहकारी समितियों के बी पैक्स सदस्यता महा अभियान ₹ सहकार से समृद्धि₹ की समीक्षा बैठक प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने की।बैठक में राज्य मंत्री द्वारा सर्वाधिक फोकस निष्क्रिय समितियों को संजीवनी देने पर रहा।प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को सहकार से समृद्धि के अंतर्गत तिलोई ब्लाक सभागार में सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक हुई।कार्यरत सहकारी समितियों के अलावा निष्क्रिय समितियों के संचालन के संबंध में राज्य मंत्री का जोर रहा।एक सितंबर से तीस सितंबर तक चलाए जा रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि पहले सभी समितियों में कम से कम 300 सदस्य बनाए जाएं।साथ ही तहसील क्षेत्र की निष्क्रिय 12समितियों को जीवंत किया जाए। गौर तलब हो कि सरकार से समृद्धि के अंतर्गत सहकारिता महा सदस्यता अभियान 1 सितंबर से 30 सितंबर तक किया जा रहा है। जिला सहकारी बैंक रायबरेली के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने सभी सहकारिता से जुड़े अधिकारियों कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि 20 सितंबर तक तिलोई क्षेत्र में आने वाली समितियों में कम से कम 300 मेंबर बनना सुनिश्चित करें।उक्त मीटिंग में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता द्वारा अवगत कराया गया कि नजदीकी समिति पर जाकर 221 रुपए भुगतान करके समिति का सदस्य बना जा सकता है।समीक्षा बैठक में तिलोई प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना,प्रवीण कुमार सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अमेठी मित्रसेन वर्मा, ए डी सी ओ कोऑपरेटिव , ए डी ओ कोऑपरेटिव एवं जिला सहकारी बैंक शाखा सिंहपुर शाखा प्रबंधक राजेंद्र कुमार शाखा प्रबंधक तिलोई अजय यादव शाखा प्रबंधक राजा फतेहपुर अशोक कुमार रावत शाखा प्रबंधक जायस अमित श्रीवास्तव इत्यादि एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### ब्लाक शिवपुर में 15 सितम्बर को आयोजित होगा रोजगार मेला

बहराइच। मिशन रोजगार के अन्तर्गत प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई तथा कौशल विकास मिशन बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में विधानसभा क्षेत्र नानपारा अन्तर्गत विकास खण्ड शिवपुर में 15 सितम्बर 2023 को प्रातः 11:00 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र के 08 नियोजकों द्वारा रोजगार प्रदान किये जाने हेतु इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियों के पंजीकरण की कार्यवाही की जाएगी। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल एवं आयुर्वेदिक प्रा.लि., पीपल ट्री आनलाइन कम्पनी, एलआईसी रिकूटमेंट एजेंसी तथा पुखराज हेल्थ केयर, पशुपतिनाथ, डाबर आयुर्वेदिक इन्टरप्राइजेज, विप्रो इलेक्ट्रानिक सर्विसेज, धनवर्षा बायोप्लांन्टेक प्रा.लि. द्वारा अभ्यर्थियों की योग्यता के अनुसार अनुकूल पदों पर उचित वेतनमान पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा।

### एक अभियुक्त व दो वांछितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गाजीपुर। जनपद के थाना भांवरकोल अंतर्गत पुलिस ने दो अलग-अलग घटनाओं के अंतर्गत एक व्यक्ति को देसी शराब के साथ तथा दो वंछितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत सिंह के कुशल दिशा निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकार हितेंद्र कृष्ण के कुशल मार्गदर्शन में अपराधी एवं वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत उपनिरीक्षक ओंकार तिवारी ने जसदेवपुर मोड पर वाहन चेकिंग का अभियान चलाया वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर माननीय न्यायालय के लंबी मुकदमे के पेशी में अनुपस्थित चल रहे निवासी कबीरपुर कला दिनेश राम पुत्र कृष्णा राम और संदीप राम पुत्र रमेश राम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# चुटकी भर अक्षत संग्रहण के लिए नगरवासियों के द्वार पहुंचे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

अमन लेखनी समाचार



बहराइच । आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में 12 मार्च 2021 को साबरमती के तट से मा. प्रधानमंत्री जी के राष्ट्रप्रेम के उदबोधन से प्रारम्भ हुए महोत्सव का मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा के चरम के साथ 30 अक्टूबर को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर समापन किया जाना प्रस्तावित है। रविवार को एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर आये प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्री नरेन्द्र कश्यप के साथ मोहल्ला रायपुरराजा स्थित नगर उपाध्यक्ष मंजू निगम के आवास से माटी के कलश में चुटकी भर अक्षत (चावल) का संग्रह कर जिले में मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम की अलख जगायी। मा. उप मुख्यमंत्री ने रायपुर राजा निवासी के.बी. सिंह एडवोकेट, योगेश कालिया एडवोकेट, प्रभात मिश्रा, डॉ. रेखा, एम.डी. निगम, ओ.पी. मिश्रा एडवोकेट, आकाश सिंह, सचिन श्रीवास्तव, अमित पाठक एवं बड़ी संख्या में मोहल्ला वासियो ने कलश में अपने हिस्से का चुटकी भर अक्षत (चावल) डालकर मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा को सफल बनाने का संकल्प लिया। इससे पूर्व मंजू निगम ने आवास पहुंचे मंत्री द्वय, भाजपा जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल व अन्य अतिथियों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव भारत की आजादी के 75 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक पुनीत माटी-वन्दनोत्सव है, जिसमें हम सभी के लिए अपनी विराट सांस्कृतिक विरासत से प्रगाढ़ रूप से रूबरू होने, उसकी भव्यता पर गर्व करने और ऐसे गर्वजनित रस में डूबकर उत्सवमय आनन्द लेने का स्वर्णिम अवसर है। उन्होंने कहा कि हम सभी लोगों को संकल्पित होकर और जनसहभागिता के साथ इस महोत्सव को मनाना हमारा परम सौभाग्य होगा और ऐसे सौभाग्यमय उत्सवी रस की जन-जन तक पहुँच का सुनिश्चयन ही सरकार का परम ध्येय है। श्री मौर्य ने जनपदवासियों से अपील की कि मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा में सक्रिय सहभागिता कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएं। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया व अन्य अधिकारी, महिला मोर्चा महामंत्री उर्मिला शुक्ला, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा जीतेंद्र सिंह जीतू नगर अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह अज्जू, विपिन यज्ञसेनी, पूर्व नगर अध्यक्ष कन्हैया सोनी, नगर उपाध्यक्ष मनीष सिंह, नगर महामंत्री दुर्गेश पांडेय, शक्तिकेन्द्र संयोजक दुर्गेश सिंह, अंकित पाठक, हिमांक सोनी, जिला मंत्री महिला मोर्चा संतोष पांडेय, नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा मंजुला पाठक, रवि गुलशन, संतोष त्रिपाठी, सुल्लू, रामसवारे मिश्रा एवं मोहल्लावासी मौजूद रहे।

## मानव उत्थान सेवा समिति की अगुवाई में निकली सद्भावना ,नशामुक्ति पदयात्रा



अमन लेखनी समाचार

तिलोई, अमेठी। सिंहपुर विकास क्षेत्र के कुकहा रामपुर और टिकरी ग्रामसभा में सोमवार को सद्भावना, नशामुक्ति पद यात्रा मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में निकाली गई । नशा मुक्त अभियान की जागरूकता रैली मानव उत्थान सेवा समिति के प्रणेता व धार्मिक सदगुरु सतपाल महाराज के जन्मदिन पर शांति और सद्भाव का संदेश देने व समाज में नशा के खिलाफ लोगों को जागरूक करने हेतु निकाली गई । यात्रा की अगुवाई रायबरेली आश्रम से पधारी सतपाल महाराज की शिष्या साध्वी तारिणी बाई, साध्वी निरती बाई व गौरीगंज से पधारे महात्मा सुधर्मा नंद ने की । यात्रा समाप्ति के उपरांत महात्मा और बाईगणों के प्रवचन सुन लोगों ने शांति अनुभूति की रैली का समापन कुकहा गांव में हुआ। और रैली समापन के मौके पर आयोजित प्रवचन कार्यक्रम में समिति से जुड़े सदस्य सरनाम सिंह, राम बालक प्रजापति, सहदेव सिंह, राम भजन सिंह, डॉक्टर शिवमूर्ति सिंह, शिवलाल प्रजापति, राम लुटावन, राम अवध यादव, आदि लोग शामिल रहे ।

## शातिर चोरों ने मोबाइल शॉप को बनाया निशाना, लाखों का सामान उड़ाया

अमन लेखनी समाचार

बंथरा । थाना क्षेत्र के बंथरा कस्बे पर स्थित मोबाइल फोन की दुकान में चोरी हो गई। चोरों ने सरिया से शटर को उठाकर अंदर से नकदी, मोबाइल फोन सहित लाखो का सामान उड़ा लिया। मामले की जानकारी दुकानदार को सुबह तब हुई, जब वह दुकान खोलने के लिए पहुंचा। क्षेत्र के बंथरा गांव निवासी मो सफाद बंथरा कस्बे से बंथरा गांव जाने वाली ढलान पर मोबाइल फोन की दुकान है। मो सफाद के मुताबिक, रविवार को वह दुकान बंद करके घर चले गए थे। सुबह वह दुकान पर पहुंचे तो चोरी की जानकारी हुई। उनकी दुकान में रखे 2 हजार रुपये, बड़ी संख्या में पुराना मोबाइल फोन, चोर उठा ले गए थे। दुकानदार ने बंथरा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में बंथरा हल्का इंचार्ज सुशील कुमार ने बताया कि दुकान में सीसीटीवी नहीं लगा है। जांच पड़ताल की जा रही है।

## 45 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। जिले में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 अभिनेष कुमार थानाध्यक्ष कमरौली मय हमराही व उ0नि0 रणेन्द्र कुमार सिंह एसटीएफ टीम यूनिट प्रयागराज मय हमराही द्वारा अवैध रूप से शराब तस्करी करने वाले गिरोह के विरुद्ध अभिसूचना संकलन के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक आईसर वाहन सं0 ठछ01ङ9793 ट्रक से कुछ लोग चण्डीगढ़ से अवैध शराब की तस्करी कर बिहार ले जा रहे हैं । उक्त सूचना पर कार्यवाही करते हुये चेकिंग लगाकर उक्त ट्रक को पलिया पश्चिम मोड़ के पास हिकमत अमली के साथ घेरकर रोक लिया गया । चालक व अन्य व्यक्तियों को गाड़ी से उतारकर नाम पता पूंछा गया तो चालक ने अपना नाम गुरप्रीत सिंह पुत्र नक्षतर सिंह ग्राम बाड़ा पोस्ट कुलदीपनगर थाना सदर जनपद अंबाला हरियाणा उम्र करीब 30 वर्ष बताया व दूसरे व्यक्ति (सहचालक) ने अपना नाम कृष्ण पुत्र रामनाथ पता उपरोक्त उम्र करीब 25 वर्ष व तीसरे ने अपना नाम आसु पुत्र ओमप्रकाश पता उपरोक्त उम्र करीब 24 वर्ष बताया ।

### अवैध अंग्रेजी शराब की बरामदगी

उक्त वाहन में लदे माल की बिल्टी तलब की गई तो दिखा ना सके । ट्रक की तलाशी से 750 मि0ली0 की 374 पेटियों में कुल 4,488 बोतल (3,366 लीटर) व 375 मि0ली0 की 257 पेटियों में कुल 6,168 बोतल (2,313लीटर) इम्पीरियल ब्लू ब्रांड की शराब बरामद हुई । उक्त शराब के कागज मांगने पर दिखा ना सके ।

### जाली था ट्रक का नंबर प्लेट

उपरोक्त ट्रक के केबिन के अन्दर से एक अदद नंबर प्लेट ठछ01ङ9794 बरामद हुआ जिसके बारे में पूछने पर बताया कि जो नंबर प्लेट ट्रक में लगी हुई है वह कूटरचित है एवं यह नंबर प्लेट वास्तविक है । अवैध तस्करी में मेरे साथ पवन कुमार पुत्र रामफल निवासी 349 वीपीओ खेरातीखेड़ा शहर फतेहाबाद हरियाणा, मनवीर सिंह उर्फ मनु पुत्र सत्यभान सिंह निवासी बयानाखेड़ा 16 हिसार हरियाणा, योगेश पुत्र अज्ञात निवासी जीरखपुर चण्डीगढ़ व अन्य (नाम पता अज्ञात) मिलकर यह कारोबार काफी समय से कर रहे हैं ।

# बारिश से गिरी कच्ची दीवार, मलबे में दबने से महिला की मौत



मृतका फाइल फोटो – शांति देवी



घटनास्थल का निरीक्षण करती – एसडीएम व अन्य

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। दो दिन से लगातार हो रही बारिश के चलते बीती रात दीवार गिरने से मलबे में दबकर बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मलबे में दबी महिला को कड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोसवा मजरा बेलवा निवासी रविंद्र कुमार के घर की कई वर्षों पुरानी बनी कमरे की दीवार मूसलाधार तेज बारिश के कारण अचानक भरभरा कर गिर गई दीवार के नीचे चारपाई पर सो रही वृद्धा शांति देवी पत्नी रविंद्र (69) की मलबे में दबकर मौत हो गई। दीवार गिरने की आवाज सुनकर आसपास लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। परिजनों व ग्रामीणों की मदद से दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद वृद्ध महिला को बाहर निकाला गया। तब तक उस महिला की मलबे के नीचे दबने से मौत हो चुकी थी। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पति रविंद्र, सास राम देवी, बेटे सतीश, रोहित सहित विवाहित बेटी राखी वहीं पास में पड़े टीन सेड के नीचे चारपाई पर सो रहे थे। पोस्टमार्टम के बाद महिला का शव घर पहुंचते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। देर शाम परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल व एसडीएम मीनाक्षी पांडेय ने परिवारजनों को सांत्वना दी । साथ ही सरकार द्वारा परिवार को आर्थिक मदद के साथ-साथ पीएम किसान योजना के तहत पीएम आवास दिलाये जाने का आश्वासन दिया। महिला को मिला होता पीएम आवास तो नहीं जाती जान।

## एसडीएम ने बेहता नाले के समीप बसे गांवों का किया निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बारिश से गांवों की गलियों में पानी भर जाने से लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लेकिन कुछ गांवों में सुबह पानी निकलने के बाद लोगों को कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ रहा हैं। सोमवार को उपजिलाधिकारी मलिहाबाद मीनाक्षी पांडेय ने अपनी टीम के साथ बाढ़ का आंकलन करने बेहता नाले के समीप बसे गांवों का निरीक्षण कर। निरीक्षण के दौरान रहीमाबाद क्षेत्र के झाऊबेरिया गांव के निकट पहुँच वहां से निकला बेहता नाला बारिश के कारण जल स्तर बढ़ने के कारण पुलिया पानी मे डूब गयी है। जिसके कारण पुलिया से गुजरना खतरे से खाली नही है, एसडीएम ने स्तिथि का निरीक्षण कर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी ने क्षेत्र के लोगो से अपील कि जब तक पुलिया पर पानी का बहाव तेज है और पानी मे डूबा हुआ है। तब तक पुलिया से आवगमन करते समय सावधानियां बरतनी अति आवश्यक है। वहीं लोगों को बताया कि जल स्तर ज्यादा बढ़ने पर प्रशासन को तुरंत जानकारी दें। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की और उन्हें आश्वस्त किया कि प्रशासन उनकी हरसंभव मदद करेगा।

## आकाशीय बिजली ने छः 33 केवी पोल के इंसुलेटर उड़ाए



### तीस घण्टे बाद बहाल हुई विद्युत आपूर्ति

अमन लेखनी समाचार

औग, फतेहपुर। बीते 24 घंटे में भारी बारिश और आकाशीय बिजली की कड़क ने दुगार्गंज विद्युत उपकेन्द्र के छः 33 केवी खम्भों के सारे इंसुलेटर क्षतिग्रस्त कर दिए, जिससे उक्त विद्युत उप केन्द्र के सभी फीडर 30 घण्टे तक प्रभावित रहे । बिजली न होने के कारण लोगों को पीने के पानी की भारी किल्लत रही, वहीं पर कस्बे में मच्छरों के प्रकोप ने लोगों को सोने नहीं दिया। सोमवार को सुबह से ही अवर अभियन्ता अपनी टीम लेकर 33 केवी लाईन की पेट्रोलिंग पर निकल पड़े थे, औंग से होलापुर के मध्य छः बिजली के खंभों के ध्वस्त इंसुलेटर बदले गए । अवर अभियंता विजय कुमार गौतम की टीम लाइनमैन जयप्रकाश शुक्ला, रामकिशोर , पुत्तनलाल तथा महेश ने पेट्रोलिंग की

# सघन मिशन इंद्रधनुष– 5.0 का दूसरा चरण शुरू

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली । किन्हीं कारणों से नियमित टीकाकरण से छूटे शून्य से पाँच साल तक के बच्चों और गर्भवती के टीकाकरण के लिए मिशन इंद्रधनुष अभियान (आईएमआई) 5.0 चलाया जा रहा है । तीन चरणों में चल रहे अभियान का पहला चरण 07 से 12 अगस्त तक चला। दूसरे चरण की शुरूआत सोमवार (11 सितम्बर) को हुई । इसका शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वीरेंद्र सिंह ने जिला महिला चिकित्सालय में किया ।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण से शिशु मृत्यु दर और बाल मृत्यु दर में कमी आई है और यह बच्चों को जानलेवा बीमारियों से बचाता है । सभी अपने बच्चों का नियमित टीकाकरण जरूर कराएं। यह सुरक्षित है । सबसे खास बात यह है कि बच्चों को टीका घर के पास ही लगेगा । इसके लिए अभिभावकों को कहीं दूर नहीं जाना पड़ेगा ।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि शत - प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करें। पाँच साल तक के बच्चों में होने वाली मृत्यु का मुख्य कारण डायरिया और निमोनिया है । नियमित टीकाकरण में वायरल डायरिया से बचाव के लिये रोटा वायरस और निमोनिया से बचाव के लिए न्यूमोकॉकल कोन्जुगेट वैक्सीन लगायी जाती है । इसके साथ ही खसरा, टिटेनस, डिफ्थीरिया, काली खांसी, इंफ़्लूएंजा, दिमागी बुखार, गलघोंटू, हेपेटाइटिस, टीबी, रूबेला आदि बीमारियों से बचाव के टीके लगाए जाते हैं ।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि पाँच साल में सात बार टीका लगवाकर बच्चों को स्वस्थ रख सकते हैं । टीकाकरण बच्चों को कुपोषण से भी बचाता है ।

आईएमआई अभियान में 6.2 लाख घरों का सर्वे किया गया । आईएमआई के दूसरे चरण में कुल 11,499 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य है, जिसके तहत पेंटा/डीपीटी-1 के 2243, बच्चे, पेंटा/डीपीटी- 2 के 2268 , पेंटा/डीपीटी- 3 के 2253, एमआर-1 के 2531 , एमआर- 2 के 2204 बच्चों को टीका लगाने का लक्ष्य है । इसके अलावा 2899 गर्भवती को टिटेनस और वयस्क डिफ्थीरिया (टीडी) का टीका लगाने का लक्ष्य है । जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डी.एस.अस्थाना ने बताया कि शून्य से पाँच साल तक के बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए टीके लगाए जाते हैं । इसके साथ ही गर्भवती को टिटेनस और वयस्क डिफ्थीरिया (टीडी) का टीका लगाया जाता है । आज प्रथम दिन 2325 बच्चे और 768 गर्भवती महिलाओं को टीका लगाए गए । शुभारंभ के अवसर पर पी पी सी जिला महिला चिकित्सालय में वंदना त्रिपाठी डीएमसी यूनिसेफ, सहाना जमीर, तारावती, नीतू आदि उपस्थित रहे ।

## विधायक सदर ने डीएम व सीडीओ के साथ किया तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

बहराइच । केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाये जाने के उद्देश्य से सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा कलेक्ट्रेट बहराइच में लगायी गयी 03 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना के साथ फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभागर, उप जिलाधिकारी डॉ. पूजा यादव, जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, प्रशिक्षु पीसीएस प्रिन्स वर्मा, पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार सुरेन्द्र प्रसाद यादव, लेखापाल संघ के अध्यक्ष जयराज सिंह व महामंत्री महेन्द्र मिश्रा, सेनानी परिषद के मंत्री रमेश चन्द्र मिश्र, महिला संरक्षण अधिकारी रागिनी विश्वकर्मा, बाल संरक्षण अधिकारी सीता मौर्या, महिला शक्ति केन्द्र समन्वयक नीलम शुक्ला व प्रियंका, वरिष्ठ सहायक शब्बो बेगम, आपदा विशेषज्ञ सुनील कन्नौजिया व अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा गणमान्य व संभ्रान्तजन मौजूद रहे। प्रदर्शनी के उदघाटन के पश्चात सदर विधायक, डीएम व सीडीओ ने अन्य के साथ चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए आमजन से अपील की है कि 11 से 13 सितम्बर 2023 तक सूचना विभाग द्वारा लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर भारत सरकार व प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण नीतियों, निर्णयों, उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ उठायें।

## पूरे राहत अली गांव में 45 मरीजों को मिली राहत

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली द्वारा लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड क्षेत्र में दर्जनों ग्राम पंचायतों में फैले मलेरिया डेंगू बीमारी ने आधा दर्जन से अधिक लोगों को अपना शिकार बनाते हुए मौत के घाट उतार दिया जिसके लिए सजग प्रहरी के रूप में लगी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अथक प्रयास से समूचे विकासखंड के दर्जनों ग्राम पंचायतों में जाकर शिविर लगाते हुए मरीजों का उपचार कर रहे हैं कल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली के अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार के निर्देशन पर स्वास्थ्य विभाग की टीम आजमपुर गढ़वा ग्राम पंचायत के पूरे राहत अली गांव पहुंची जहां प्राथमिक विद्यालय में लगे स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर 45 मरीजों ने उपचार कराया मिली जानकारी के अनुसार 6 मरीजों की डेंगू तथा मलेरिया जांच की गई जबकि 6 मरीज बुखार 16 मरीज खांसी जुकाम तथा 23 मरीज अन्य मर्जों के मिले चिकित्सा अधीक्षक के तत्वावधान में पहुंची चिकित्सकों की टीम ने सभी को दवा वितरित करते हुए गांव में भ्रमण कर आम जनमानस को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी वहीं गांव में फैली गंदगी हेतु साफ सफाई करने के लिए प्रेरित किया इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली के चिकित्सक डॉक्टर राजेश फार्मासिस्ट डॉक्टर अनिल शुक्ला सी एच ओ अंशू एएनएम आशारानी समेत अन्य चिकित्सकों की टीम मौजूद रही

# शिवमहापुराण का विशाल भंडारे के साथ हुआ समापन

### जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करती है शिवमहापुराण: डॉक्टर संदीप

अमन लेखनी समाचार



झांसी। बड़ागांव गेट स्थित श्री श्री 1008 भूतनाथ मंदिर पर सप्तदिवसीय शिवमहापुराण का अंतिम दिन भंडारे के साथ हुआ समापन, मुख्य अतिथि रहे झांसी के प्रतिष्ठित समाजसेवी संघर्ष सेवा समिति अध्यक्ष डॉक्टर संदीप सरावगी का मंदिर कमेटी के पदाधिकारी प्रधान पुजारी राजकुमार मकरारिया, संरक्षक शंकर लाल मकरारिया ने पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत पश्चात कथावाचक परम पूज्यनीय परमानंद महाराज ने डॉक्टर संदीप को शॉल व श्रीफल भेंट कर शुभाशीष दिया। महाशिवपुराण कथा के अंतिम दिवस पर कथावाचक ने बारह ज्योतिलिंगों का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान शिवजी जहां-जहां स्वयं प्रगट हुए उन्हीं 12 स्थानों पर स्थित शिवलिंगों को पवित्र ज्योतिलिंगों के रूप में पूजा जाता है। इन ज्योतिलिंगों के न सिर्फ दर्शन करने पर शिव भक्त को विशेष फल की प्राप्ति होती है। इनका महज प्रतिदिन नाम लेने मात्र से जीवन के सभी दुख दूर हो जाते हैं। इस अवसर डॉ० संदीप सरावगी ने कहा कि जब छोटे होते हैं तो माता, पिता गुरु के द्वारा कही गई बातें हमें कड़वी लगती हैं। बड़े हो जाते हैं और समय निकल जाता है तो माता, पिता, गुरु के शब्द हमारे कानों में गूंजते हैं फिर हमें ज्ञात होता है कि हमने उन अमृत वचनों को हल्के में लिया। फिर पछताने से कुछ नहीं होता। डॉ० संदीप ने बच्चों से आह्वान किया कि हमेशा गुरु, माता, पिता की आज्ञा का पालन करें। उनके शब्दों को भगवान माने। क्योंकि वही तुम्हारे सच्चे पथ प्रदर्शक और वहीं मार्ग प्रशस्त करने वाले हैं। महाशिवपुराण कथा सुनने के लिए के भूतनाथ मंदिर में हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के अंत में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर बंसत गुप्ता, राजू सेन, राकेश अहिरवार, सुशांत गेंडा, संदीप नामदेव, महेंद्र रायकवार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक बृजेंद्र कुमार मकरारिया (रि०सु०आयुक्त) एवं सभी श्रद्धालुओं का आभार अरुण मकरारिया ने व्यक्त किया।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## सिर्फ 3 दिन में 200 करोड़ कमाने वाली पहली हिंदी फिल्म बनी जवान

**मुंबई।** शाहरुख खान की फिल्म जवान इंडियन बॉक्स ऑफिस पर हिंदी सिनेमा जगत के लिए नए बेचमार्क बना रही है। ओपनिंग डे पर रिकार्ड 75 करोड़ रुपए की कमाई कर हिंदी सिनेमा के इतिहास में सबसे अधिक कलेक्शन करने वाली पहली फिल्म बनी। रिलीज के दूसरे दिन फिल्म जवान ने देश के भीतर बॉक्स ऑफिस पर 53 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। अब इस फिल्म ने हिंदी सिनेमा के इतिहास में एक नया रिकार्ड बना दिया है। खबर के मुताबिक जवान ने रिलीज के तीसरे दिन देश के भीतर फिर एक बार 74.50 करोड़ रुपए की कमाई की। इसी के साथ सिर्फ तीन ही दिन में 200 करोड़ के क्लब में शामिल होने वाली शाहरुख खान की जवान पहली हिंदी फिल्म बन गई है।


लाइफ Style

# कैटरीना बच रहीं पब्लिक एपिरियंस से

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ कई दिनों से खबरों में बनी हुई हैं। पहले उनका एक वीडियो वायरल हुआ, जिसके बाद एक्ट्रेस की नोज सर्जरी को लेकर काफी बातें हुईं। लेकिन इसको लेकर कोई अधिकारिक बयान सामने नहीं है। इसके अलावा एक्ट्रेस पब्लिक एपिरियंस को लेकर भी काफी सुर्खियों में बनी हुई है।

एक्ट्रेस अपने पति विक्की कौशल के साथ लास्ट रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की स्क्रीनिंग पर दिखाई दी थीं। इसके बाद एक्ट्रेस कई बडे इवेंट्स से मिस दिखाई दीं। जहां 'गदर 2' की स्क्रीनिंग पर बॉलीवुड के बड़े-बड़े स्टार पहुंचे थे, वहां कैटरीना नजर नहीं आईं। इन सब के बाद एक्ट्रेस प्रेगनेंसी को लेकर भी कई सवाल उठे। लेकिन इन सबके बीच कैटरीना की इस कम पब्लिक एपिरियंस को लेकर जानकरी हाथ लगी है। कैटरीना कई दिनों से इवेंट्स में बहुत कम नजर आ रही है। इसके बाद कैटरीना की प्रेगनेंसी को लेकर बातें होने लगी हैं। कैट के एक करीबी सूत्र के मुताबिक एक्ट्रेस हमेशा से ऐसी ही रही है, इसमें कोई अलग बात नहीं हैं। सूत्र ने आगे बताया कि एक्ट्रेस अपनी अपकमिंग फिल्म 'टाइगर 3' से पहले ज्यादा पब्लिक एपिरियंस से बच रही हैं। वो इस फिल्म को प्रमोट करने के लिए देश के साथ-साथ विदेशों में भी जाने वाली हैं। बता दें कैटरीना 'टाइगर 3' में सलमान खान के साथ लीड रोल में नजर आने वाली हैं। इसके अलावा कैटरीना एक्टर विजय सेतुपति के साथ श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म 'मैरी क्रिसमस' में नजर आएंगी। 'टाइगर 3' इस दिवाली पर रिलीज होने वाली है।



हॉलीवुड मसाला



## घड़ियों से बनीं ड्रेस पहनी...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस जुलिया फॉक्स भी उर्फी जावेद के राह पर चलती दिखीं हैं। जुलिया ने भी अतरंगी क्वीन की तरह लुक कैरी किया और न्यूयॉर्क की सड़कों पर स्पॉट होकर सबको हैरान कर दिया। जुलिया फॉक्स की ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। सामने आई तस्वीरों में देखा जा सकता है कि जुलिया फॉक्स ब्लैक लैदर की घड़ियों से बना क्रॉप टॉप पहना है। इसके साथ ही उन्होंने घड़ियों वाली मिनी स्कर्ट पहनी है और पीछे ब्लैक श्रग कैरी किया है।



## वेनिस फिल्म फेस्टिवल में पहुंची बेला...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस बेला थॉर्न अक्सर अपने लुक्स को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। एक्ट्रेस को 80वें वेनिस फिल्म फेस्टिवल के दौरान प्रिसिला के प्रीमियर में देखा गया। इस दौरान वह व्हाइट लुक में अपने मंगेतर मार्क एम्स संग नजर आईं। उनकी ये तस्वीरें अब इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो इस दौरान गेम ऑफ लव एक्ट्रेस ऑफ-द-शोल्डर व्हाइट आइवरी गाउन में काफी बोल्ड दिखीं। नेक पर चोकर और खुले बालों से उन्होंने अपने लुक को कंप्लीट किया। वहीं उनके मंगेतर मार्क व्हाइट ब्लेजर और ब्लैक पैंट में काफी डेशिंग दिखे। अपने मंगेतर के साथ एक्ट्रेस रेड कार्पेट पर जबरदस्त पोज देती दिखीं।

# भारत ने पाकिस्तान पर दर्ज की वनडे में सबसे बड़ी जीत, विराट-राहुल के बाद कुलदीप ने बरपाया कहर

### एशिया कप मैच में भारत ने पाकिस्तान को बुरी तरह से पीटा

अमन लेखनी समाचार



सोमवार 11 सितंबर 2023 का दिन भारतीय फैंस को हमेशा याद रहेगा। भारतीय टीम ने एशिया कप 2023 के सुपर 4 में पाकिस्तान को 228 रन से धूल चटाई और मुकाबला अपने नाम किया। बारिश के चलते दो दिन से ये मैच काफी प्रभावित रहा। 10 सितंबर को बारिश के कारण मैच पूरा नहीं हो सका था। इसके बाद रिजर्व-डे पर मैच खेलने का फैसला लिया गया। 11 सिंतबर को रिजर्व-डे के दिन मैच की शुरूआत से पहले बारिश हुई और मुकाबला 4 बजकर 40 मिनट से शुरू हुआ। भारतीय टीम ने 50 ओवर में 356 रन बनाए। टीम इंडिया की तरफ से विराट कोहली और केएल राहुल ने दमदार शतक जड़े। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 32 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 128 रन ही बना सकी। पाकिस्तान टीम में नसीम शाह और हारिस रऊफ के चोटिल होने के चलते टीम आगे बल्लेबाजी नहीं कर पाई और भारत ने 228 रन से मैच जीत लिया।

### इतिहास में भारत की पाकिस्तान के खिलाफ सबसे बड़ी जीत

दरअसल, वनडे में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 228 से बड़ी जीत हासिल की। वनडे इतिहास में रनों के मामले में भारत की पाकिस्तान के खिलाफ सबसे बड़ी जीत रही। साल 2008 एशिया कप में भारत ने बांग्लादेश को 140 रन से हराया था। इसके बाद कोलंबो में भारत ने आज ये शानदार जीत दर्ज की।

मैच में भारतीय टीम की तरफ से रिजर्व-डे के दिन विराट कोहली और केएल राहुल ने टीम को 356 रन का स्कोर खड़ा करने में अहम मदद की। विराट ने मैच में नाबाद 122 और केएल राहुल ने 111 नाबाद रन बनाए। शुभमन गिल ने 58 और रोहित ने 56 रन बनाए थे। मैच में कुलदीप यादव ने बरपाया कहर मैच में पाकिस्तान के बल्लेबाजों की जमकर खबर लेते हुए कुलदीप यादव ने 5 विकेट चटकाए। कुलदीप ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 8 ओवर में 25 रन देकर पांच विकेट लिए। उनके अलावा बुमराह, हार्दिक, शार्दुल को 1-1 सफलता मिली। कुलदीप ने फाइव विकेट हॉल वाला कारनामा वनडे में दूसरी बार किया।

### पाकिस्तान के 4 बल्लेबाज छू सके दहाई का आंकड़ा

पाकिस्तान टीम की शुरूआत 357 रन का पीछा करते हुए खराब रही। टीम के चार बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा छू सके। कप्तान बाबर आजम 10 रन पर क्लीन बोल्ड हुए। फखर जमान ने 27 रन बनाए। इफ्तिखार अहम और आगा सलमान ने 23-23 रन की पारी खेली।

टीवी मसाला


## शो छोड़ने पर मुस्कान बोली फिलहाल तो ऐसा कुछ नहीं

**मुंबई।** सीरियल अनुपमा में इन दिनों पाखी का ट्रैक दिखाया जा रहा है। उसके गायब होने से वनराज-अनुपमा सहित पूरा परिवार परेशान है। इस बीच सोशल मीडिया पर कयास लगाया जा रहा है कि पाखी यानी मुस्कान बामने ने शो को अलविदा कह दिया है। इस पर एक्ट्रेस ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। शो को अलविदा कहने पर बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, ये तो मुझे भी पता नहीं है अभी तक कि पाखी कहां गायब हो गई है। मुझे पता चलेगा तो मैं जरूर बताउंगी। मुस्कान ने शो को छोड़ने पर कहा कि फिलहाल तो ऐसा नहीं है, क्या बोलूं मैं। अब मुस्कान के जवाब से इतना तो तय है कि वो इसे छोड़कर नहीं जा रही है बस कुछ समय के लिए गायब है। मुस्कान, अनुपमा में वनराज और अनुपमा की बेटी का रोल निभाती है। शो में उसके गायब होने पर अधिक ने इसके लिए अनुपमा को दोषी ठहराया। जबकि अनुपमा को लगता है कि अधिक की वजह से उसकी बेटी लापता हुई है।



## रियल लाइफ में बेहद ग्लैमर है तारक मेहता की अंजलि भाभी

**मुंबई।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा' न सिर्फ हर भारतीय के लिए एक घरेलू नाम है, बल्कि यह अब तक के सबसे लंबे समय तक चलने वाले टेलीविजन शो में से एक है। ठीक दो साल पहले, एक्ट्रेस सुनयना फौजदार शो की नई सदस्य बनी थीं और तब से वो शो से जुड़ी हुई हैं। सुनयना शो में अंजली मेहता का रोल प्ले करती हैं और वो हर घर में फेमस हो चुकी हैं। हालांकि सुनयना जिस तरह का रोल करती हैं, वो रियल लाइफ में उससे बिल्कुल अलग हैं। तारक मेहता का उल्टा चश्मा जैसे कभी न खत्म होने वाला शो बन गया है। वैसे मुनमुन दत्ता इतने लंबे समय तक शो में एकमात्र ग्लैमरस एक्ट्रेस रही होंगी, लेकिन अब सुनयना भी उनमें से ही एक नाम हैं, जो अब शो की एक्ट्रेसेस में सबसे ग्लैमरस में से एक बनी हुई हैं। तारक मेहता के साथ एक्ट्रेस की केमिस्ट्री को बहुत पसंद किया जाता है और यहां तक कि उन्हें तरंजलि का प्यारा हैशटैग भी दिया गया है।



# जाने-जान का नया पोस्टर रिलीज

*मुंबई। अभिनेत्री करीना कपूर फिल्म जाने-जान के साथ ओटीटी पर डेब्यू करने वाली हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की इस फिल्म का एक नया पोस्टर रिलीज हुआ है। फिल्म के इस नए पोस्टर को नेटफ्लिक्स और सीरीज के कलाकारों ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। पोस्टर में सीरीज के कलाकार करीना कपूर खान, जयदीप अहलावत और विजय वर्मा दिखाई दे रहे हैं। पोस्टर शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा गया है कि 'हर कहानी के 2 पहलू होते हैं, लेकिन इसके 3 हैं। जाने जान के रहस्य इसके रिलीज पर उजागर होंगे। बता दें कि इससे पहले एक्ट्रेस करीना और जयदीप का फर्स्ट लुक और ट्रेलर जारी हो चुका है। इस फिल्म का ट्रेलर भी कुछ समय पहले ही रिलीज किया गया था। फिल्म जाने जान में करीना कपूर के किरदार का नाम डिसूजा है। वहीं, विजय वर्मा पुलिस ऑफिसर और जयदीप अहलावत स्कूल टीचर बने दिखाई दे रहे हैं। इसका ट्रेलर देखने के बाद हर कोई इसके किरदारों की तारीफ कर रहा था।*



## ड्रीम गर्ल-2 की कर रहीं सक्सेस एंजॉय

**मुंबई।** एक्ट्रेस अनन्या पांडे इन दिनों अपनी हालिया रिलीज हुई फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' की सक्सेस को एंजॉय कर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने फिल्म की सफलता का जश्न मनाया। इस पार्टी में उन्होंने रेड लुक से सबको इंप्रेस किया। इसके बाद इस गैटअप में अनन्या ने फोटोशूट भी करवाया, जिसकी तस्वीरें उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। फैंस एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को खूब लाइक कर रहे हैं। लुक की बात करें तो इस दौरान अनन्या पांडे ऑफ शोल्डर क्रॉप रेड टॉप के साथ मैचिंग स्लिट स्कर्ट में बेहद किलर लगीं। इस आउटफिट में वह अपना टोन्ड फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं और कैमरे के सामने गजब पोज दे रही हैं। बता दें, फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' में अनन्या पांडे एक्टर आयुष्मान खुराना के साथ अहम रोल में नजर आई हैं। फिल्म को राज शांडिल्य ने डायरेक्ट किया है।



# इन बॉलीवुड सेलेब्स ने 50 के बाद दी हिट फिल्में

*मुंबई। बॉलीवुड के कई सेलेब्स ऐसे हैं जो 50 के उम्र के बाद अपने करियर की सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुके हैं। उनकी यह फिल्म इतनी खास रही कि बाकी की सारी फिल्मों को पछाड़ चुकी हैं। शाहरुख ख़ान की फ़िल्म जवान इन दिनों बड़े पर्दे पर तहलका मचाते नजर आ रही है। इस फिल्म को दर्शक काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं। 50 के होने के बाद भी वह आज भी बड़े पर्दे पर एक्टिव हैं।*







**जवान :** हाल ही में रिलीज़ होगी शाहरुख़ ख़ान की फ़िल्म जवान बॉक्स ऑफ़िस पर हिट साबित हो रही है। फिल्म को दर्शक काफी ज़्यादा पसंद कर रहे हैं। पहले दिन ही इस फ़िल्म ने 75 करोड़ की कमाई कर ली है। शाहरुख़ ख़ान ने इस फ़िल्म को 50 की उम्र के बाद बनाया है।

**गदर 2 :** सनी देओल और अमीषा पटेल की फिल्म गदर 2 का सीक्वल दर्शकों को काफी ज्यादा पसंद आ रहा है। इस फ़िल्म को बड़े पर्दे पर खूब सराहना मिल रही है। बता दें कि इस फिल्म ने 500 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। सनी देओल ख़ुद 65 साल के हो गए हैं इसके बावजूद भी वह बड़े पर्दे पर एक्टिव हैं। इससे लोगों को ये सीखना चाहिए कि आप किसी भी उम्र में काम कर सकते हैं।

***टाइगर जिंदा है :*** सलमान खान के करियर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म टाइगर जिंदा है रही है। इस फ़िल्म को दर्शकों ने काफी ज्यादा पसंद किया था। बड़े पर्दे पर भी यह फिल्म सुपरहिट साबित हुई थी। सलमान खान ने इस फ़िल्म को 52 साल की उम्र में तैयार किया था।

**दंगल :** आमिर ख़ान की फ़िल्म दंगल तो आपको याद ही होगा। इस फिल्म में आमिर खान अपनी बेटियों की सफलता के लिए हर कुछ करते हैं। फिल्म दर्शकों को काफी ज्यादा पसंद आई थीं। इतना ही नहीं, इस फ़िल्म में बॉक्स ऑफ़िस पर काफ़ी अच्छी कमाई भी की थी। आमिर ख़ान ने इस फ़िल्म को 52 साल की उम्र में तैयार किया था।